37 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर



वर्ष-37 अंक-06 | रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com


## फर्स्ट कालम

### फ्यूल, फर्टिलाइजर और फॉरेक्स पर फोकस करें : वित्त-मंत्री

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार (25 मई) को कहा कि मौजूदा ग्लोबल परिस्थितियों को देखते हुए हमें 3स्न्ह्य यानी फ्यूल, फर्टिलाइजर और फॉरेक्स (विदेशी मुद्रा भंडार) पर फोकस करने की जरूरत है। मुंबई में सिडबी के 37वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। वित्त मंत्री ने उन आलोचकों पर कड़ा निशाना साधा जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील के बाद देश में निगेटिव माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत डर का माहौल बनाना बर्दाश्त नहीं कर सकता है और इस समय लोगों को भरोसा देना बेहद जरूरी है।

### कश्मीर के गुलमर्ग रोपवे में खराबी, 300 पर्यटकों का रेस्क्यू, 65 ट्रॉली हवा में फंसीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में एशिया के सबसे ऊंचे रोपवे गोंडोला (रोपवे) में सोमवार को तकनीकी खराबी आने से करीब 300 पर्यटक बीच हवा में फंस गए। करीब सात घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रोपवे के 65 केबिन दोपहर करीब 1.30 बजे बीच हवा में रुक गए थे। कुछ केबिन जमीन से करीब 500 फीट की ऊंचाई पर थे। एक केबिन में 6 लोग बैठ सकते हैं। शाम 8.30 बजे रेस्क्यू खत्म हुआ। भारतीय सेना ने एक्स पर बताया कि शुरुआती पांच घंटों में 179 पर्यटकों को निकाला गया था। ज्यादातर लोगों को रस्सियों और सीढ़ियों के सहारे नीचे उतारा गया। इनमें कई महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी थे।

### एक्ट्रेस ट्विशा केस में रिटायर्ड जज सास को हाईकोर्ट का नोटिस

**जबलपुर/ नई दिल्ली।** एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा मौत मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने आरोपी सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस राज्य सरकार और ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की उस याचिका पर जारी हुआ, जिसमें ट्रायल कोर्ट से मिली गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत का विरोध किया गया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा कि गिरिबाला जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। वहीं, गिरिबाला सिंह के वकील मृगेंद्र सिंह ने कहा- यह कहना गलत है कि हम जांच में सपोर्ट नहीं कर रहे हैं। हमें पिटीशन के दस्तावेज नहीं मिले हैं, इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

### कोलकाता में अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची पुलिस

**कोलकाता।** अवैध निर्माण मामले में सोमवार को कोलकाता पुलिस की एक विशेष टीम टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हरीश मुखर्जी रोड पर मौजूद घर 'शांतिनिकेतन' पहुंची। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के नोटिस के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक, अवैध हिस्से को गिराने का आदेश भी जारी किया गया है। नोटिस के मद्देनजर कोलकाता पुलिस ने वहां जाकर स्थिति का जायजा लिया। कोलकाता नगरपालिका के नोटिस के जवाब में अभिषेक बनर्जी ने रविवार को नगरपालिका अधिकारियों को लेटर लिखकर 14 दिन का समय मांगा था।

### भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले से दूर रहे : चीन

**बीजिंग।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं।

---

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया

# धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण, छत्तीसगढ़ के डॉ. रामचंद्र गोडबोले एवं सुनीता गोडबोले को चिकित्सा क्षेत्र में पद्मश्री





- अभिनेत्री-सांसद हेमा मालिनी ने यह ग्रहण किया सम्मान
- महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत को पद्मश्री
- मार्शल आर्ट गुरु पजनीवेल ने पीएम मोदी को लेटकर प्रणाम किया

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेसङ्कसांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया। महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में इसी साल टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। वहीं छत्तीसगढ़ के डॉ. रामचद्रं गोडबोले एवं सुनीता गोडबोले को चिकित्सा क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं। पुडुचेरी के प्रसिद्ध सिलंबम गुरु के. पजनीवेल को भारत में पारंपरिक मार्शल आर्ट में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान लेने जाने से पहले उन्होंने जमीन पर लेटकर पीएम मोदी को प्रणाम किया।

**5 हस्तियों को पद्म विभूषण :** पद्म विभूषण के लिए कुल पांच हस्तियों के नाम को चुना गया था। इसमें से आज दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र को कला के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ. एन. राजम को भारतीय शास्त्रीय संगीत में गायकी अंग शैली के माध्यम से वायलिन वादन में क्रांतिकारी योगदान और संगीत शिक्षा व प्रदर्शन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पद्म विभूषण 2026 से सम्मानित किया है। अभी कम्युनिस्ट नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज केटी थॉमस और पी. नारायण को पद्म विभूषण पुरस्कार दिया जाना बाकी है। (शेष पेज-4 पर)





## पद्मश्री से सम्मानित गोडबोले दंपती 1 लाख मरीजों का कर चुके फ्री इलाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और अबूझमाड़ जैसे दूर-दराज और नक्सल प्रभावित इलाकों में वर्षों से चिकित्सा सेवा दे रहे डॉक्टर दंपती डॉ. रामचंद्र त्रयम्बक गोडबोले और डॉ. सुनीता गोडबोले को पद्मश्री सम्मान मिला है। द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित सिविल इन्वेस्टिचर समारोह फेज 1 में गोडबोले दंपती को यह सम्मान प्रदान किया। डॉक्टर दंपती लंबे समय से आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में लोगों का इलाज कर मानव सेवा का काम कर रहे हैं। उनके इस समर्पण और सेवा को देखते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें देश के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा है। डॉक्टर रामचंद्र गोडबोले और डॉक्टर सुनीता गोडबोले ने अब तक 1 लाख से ज्यादा मरीजों का फ्री में इलाज किया है। समाज सेवा के लिए दंपती को अवार्ड मिला है। डॉ. रामचंद्र गोडबोले और उनकी पत्नी सुनीता गोडबोले दंतेवाड़ा के आदिवासी इलाके में पिछले 35 साल से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं।

### गोडबोले दंपति की निस्वार्थ सेवा समर्पण और संवेदनशीलता राष्ट्र निर्माण का श्रेष्ठ उदाहरण : सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर के सुदूर जनजातीय अंचलों में दशकों से निःस्वार्थ चिकित्सा सेवा और मानवता की मिसाल प्रस्तुत करने वाले डॉ. रामचंद्र गोडबोले एवं श्रीमती सुनीता गोडबोले को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे समूचे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा गोडबोले दंपति को यह सम्मान प्रदान किया जाना जनसेवा, समर्पण और संवेदनशीलता के मूल्यों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गोडबोले दंपति ने वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़कर अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

## पेट्रोल-डीजल के दाम इस महीने चौथी बार बढ़े, दिल्ली में पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा हुआ

**नई दिल्ली (ए)।** तेल कंपनियों ने सोमवार 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है। वहीं इस बढ़ोतरी के बाद रायपुर में पेट्रोल की कीमत 107.96 रुपए व डीजल की कीमत 101.17 रुपए हो गई है।

**पेट्रोल इस्तेमाल में उत्तर प्रदेश टॉप पर :** देश में सबसे ज्यादा पेट्रोल की खपत उत्तर प्रदेश में होती है। यहां वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 5157.8 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल की खपत हुई। पेट्रोल की सबसे कम खपत लक्षद्वीप में हुई, यहां 1.1 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल का इस्तेमाल हुआ।

**अन्य चीजों के दाम भी बढ़ सकते हैं**

**मालभाड़ा बढ़ेगा:** ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे।

**खेती की लागत:** ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी।



बस-ऑटो का किरायाः सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है।

### तेल कंपनियों को अब भी हर दिन 600 करोड़ का घाटा

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज बताया कि इस बढ़ोतरी के बाद सरकारी तेल कंपनियों का घाटा कम हो गया है। अब यह घाटा घटकर करीब 600 करोड़ रुपए प्रति दिन रह गया है। 15 मई से शुरू हुए कीमतों में बदलाव से पहले पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) बेचने पर कंपनियों को रोजाना लगभग 1,000 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा था।

### ईंधन कीमतों पर खरगे का मोदी सरकार पर हमला

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ÷फ्यूल लूट÷ का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है और पिछले 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। श्री खरगे ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमतों में कुल 7.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.53 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने आम लोगों की बचत को ÷जलाने÷ के लिए पेट्रोल छिड़क दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में 175.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय क्रूड ऑयल की कीमतों में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई।

## खरीफ की तैयारी में किसानों को नहीं होगी परेशानी, मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर खेती-किसानी के लिए मिलेगा पर्याप्त डीजल

### ड्रम और जरीकेन में डीजल वितरण पर प्रतिबंध में किसानों को दी गई छूट

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। राज्य में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टरों तथा सिंचाई पंपों हेतु किसानों को आवश्यकता अनुसार डीजल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि खेती-



किसानी के कार्य प्रभावित न हों।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और खरीफ सीजन की तैयारी में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने खाद्य विभाग, जिला प्रशासन तथा ऑयल कंपनियों को निर्देशित किया है कि किसानों को डीजल समय पर और बिना किसी कठिनाई के उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा है कि आगामी खरीफ सीजन में खेती के लिए किसानों को डीजल सुगमता से प्राप्त हो, इसका ध्यान सभी ऑयल कंपनी और जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से रखा जाये। उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग द्वारा 22 मई 2026 को जारी निर्देशानुसार पेट्रोल एवं डीजल के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से प्रदेश के 2516 पेट्रोल-डीजल पंपों से ड्रम एवं जरीकेन में ईंधन प्रदाय पर प्रतिबंध लगाया गया है।हालांकि किसानों की जरूरतों और खरीफ सीजन की तैयारियों को देखते हुए इस व्यवस्था में आवश्यक छूट प्रदान की गई है, ताकि खेतों की जुताई, बोवाई और सिंचाई कार्य बाधित न हों।

### असम विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पेश, इसमें लिव-इन रिलेशनशिप के रजिस्ट्रेशन का प्रावधान

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल सोमवार को पेश किया गया। इसे पटल पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की ओर से राज्य के संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने रखा। इस बिल को दो हफ्ते पहले कैबिनेट से मंजूरी मिली थी। इस बिल पर 27 मई को चर्चा होगी। यदि यह बिल पारित हो जाता है, तो असम देश का तीसरा ऐसा राज्य बन जाएगा। इससे पहले उत्तराखंड और गुजरात ऐसा कर चुके हैं। सीएम सरमा के मुताबिक अनुसूचित जनजातियां (पहाड़ी) और अनुसूचित जनजातियां (मैदानी) छ्ष्ट के दायरे से बाहर रहेंगी। साथ ही पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों, प्रथाओं और अनुष्ठानों को भी इससे छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री सरमा ने चुनाव के बाद सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में कहा था, यूनिफॉर्म सिविल कोड चार विषयों को कवर करेगा। शादी की न्यूनतम उम्र, बहुविवाह पर रोक, माता-पिता की संपत्ति में बेटियों को समान अधिकार, और लिव-इन संबंधों से जुड़े मामले।

## महाराष्ट्र में कार 800 फीट गहरी खाई में गिरी, 8 की मौत

### कर्नाटक में नदी में डूबने से 11 की जान गई

**रायगढ़/भटकल (ए)।** महाराष्ट्र और कर्नाटक में दो हादसों में 19 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के रायगड में पोलादपुर-महाबलेश्वर रोड के अंबेनली घाट इलाके में रविवार सुबह एसयूवी कार 800 फीट गहरी खाई में गिर गई।

घटना में 8 लोगों की मौत हुई है। पीड़ित परिवारों की शिकायत पर पुलिस ने मृतकों के मोबाइल की लास्ट लोकेशन ट्रेस की। तब जाकर घटना की जानकारी मिली।

इधर, कर्नाटक के भटकल में रविवार दोपहर टट्टीहक्कल नदी में सीप इकट्ठा करते समय डूबने से एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई। कुल 14 लोग थे, जिनमें से 3 का रेस्क्यू किया गया था। एनडीआरएफ के मुताबिक, घटना की जानकारी रविवार शाम 5 बजे मिली थी। 10 शव आज बरामद हुए। पुलिस ने बताया



कि सभी 8 लोग रविवार रात 2 बजे एसयूवी से डापोली के हार्ने से सतारा के लिए रवाना हुए थे। जब वे सतारा नहीं पहुंचे, तो उनके परिजनों ने दोपहर में उनकी तलाश शुरू की। जब कुछ पता नहीं चला तो पुलिस से संपर्क किया। जांच के दौरान कार में सवार लोगों के मोबाइल फोन की लास्ट लोकेशन ट्रेस की गई। सभी की आखिरी लोकेशन पोलादपुर के पास ट्रेस हुई। इसके बाद अंबेनली घाट इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

## बदलाव के ऐतिहासिक दौर से गुजर रही है सेना : जनरल चौहान

**नई दिल्ली (ए)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि सेना बदलाव के दौर से गुजर रही है और इसका उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को मज़बूत करना, संचालन तालमेल को बढ़ाना और भविष्य की युद्ध संबंधी ज़रूरतों के हिसाब से क्षमताएं विकसित करना है।



जनरल चौहान ने सोमवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में मुख्यालय , एकीकृत स्टाफ और सैन्य मामलों के विभाग के जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ), अन्य रैंकों (अन्य) और सिविल स्टाफ़ को संबोधित करते हुए एकीकरण, आत्मनिर्भरता और नवाचार को सशस्त्र बलों में चल रहे बदलाव के मार्गदर्शक स्तंभ करार दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से पूछा-पिछली गलती से क्या सीखा, कोई सबक नहीं लिया, ये दुखद

**नई दिल्ली (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- यह दुखद है कि एनटीए ने पहले हुए पेपर लीक मामले से कोई सबक नहीं लिया।



जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच सोमवार को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन , यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट औरअन्य याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा, यह मामला 2024 में भी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एनटीए गुरुवार तक हलफनामा दाखिल करे और बताए कि 2024 में दिए गए निर्देशों और मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए। साथ ही केंद्र सरकार और सीबीआई से भी जवाब मांगा है। नीट- यूजी कराने के लिए एनटीए की जगह एक मजबूत और स्वायत्त व्यवस्था बनाई जाए या फिर इसकी पूरी संरचना बदली जाए। क्योंकि बार-बार पेपर लीक होने से 22.7 लाख से ज्यादा छात्रों के मौलिक अधिकारों पर सीधा असर पड़ा है।

### सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई 'कॉकरोच जनता पार्टी' की गतिविधियों की जांच की मांग वाली याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया आंदोलन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद उभरा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एन के गोस्वामी ने सोमवार को तर्क दिया कि कॉकरोच जनता पार्टी न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा रही है।

उम्मीद » अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत यात्रा के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में कहा

## ईरान के साथ समझौता अब भी संभव, 'काफी मज़बूत' प्रस्ताव मेज़ पर : रुबियो

**नई दिल्ली (ए)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ईरान के साथ समझौते की संभावना अब भी बनी हुई है और इस दिशा में एक 'काफी मजबूत' प्रस्ताव वार्ता मेज पर रखा गया है।



श्री रुबियो ने भारत यात्रा के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रस्ताव में ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने तथा परमाणु मुद्दों पर वास्तविक, महत्वपूर्ण और समयबद्ध वार्ता में शामिल होने की बात शामिल है। उन्होंने कहा, ÷उम्मीद है कि हम इसे सफल बना लेंगे। इसे खाड़ी देशों और वैश्विक स्तर पर व्यापक समर्थन प्राप्त है। जिन भी देशों से हमने इस पर चर्चा की, उनका मानना है कि यह न केवल बेहद उचित बल्कि दुनिया के हित में भी है।÷ श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर जल्दबाजी में समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ÷राष्ट्रपति कोई गलत समझौता नहीं करेंगे। हम देखेंगे कि आगे क्या होता है। कूटनीति को सफल होने का पूरा अवसर दिया जाएगा, उसके बाद ही अन्य विकल्पों पर विचार किया जाएगा। समझौते में देरी के संबंध में पूछे जाने पर श्री रुबियो ने कहा कि अब सब कुछ ईरान की प्रतिक्रिया पर निर्भर है। उन्होंने कहा, ÷ईरानी व्यवस्था को जवाब देने में थोड़ा अधिक समय लगता है। उन्होंने दोहराया, ÷राष्ट्रपति खराब समझौता नहीं करेंगे। या तो अच्छा समझौता होगा, या फिर हमें इस मुद्दे से किसी अन्य तरीके से निपटना पड़ेगा। हालांकि हमारी प्राथमिकता अच्छा समझौता ही है। लेबनान के मुद्दे पर श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका उस विषय पर अलग से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि समस्या इजरायल या लेबनान सरकार नहीं, बल्कि हिजबुल्लाह है, जो लेबनान की जनता को नुकसान पहुंचा रहा है। श्री रुबियो ने कहा कि इजरायल को अपनी सुरक्षा का अधिकार हमेशा रहेगा।

### दावाः अमेरिका और ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने पर हुए सहमत

**मॉस्को।** अमेरिका और ईरान ने एक प्रारंभिक समझौते के तहत 30 दिनों के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने पर सहमति जताई है। 'वाशिंगटन' पोस्ट ने एक अज्ञात राजनयिक के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार ने एक अज्ञात ईरानी अधिकारी के हवाले से बताया कि अमेरिका-ईरान के प्रारंभिक शांति समझौते में परमाणु वार्ता को बाद की तारीख तक स्थगित करने का भी प्रावधान है। अखबार ने एक अज्ञात राजनयिक के हवाले से बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच प्रारंभिक ढांचागत समझौते को अभी तक ईरानी पक्ष द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है। अखबार के अनुसार, अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए दोनों पक्ष 60 दिनों के लिए युद्धविराम बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

## ट्रम्प मुस्लिम देशों से बोले-इजराइल से दोस्ती करें, इनमें पाकिस्तान भी शामिल

### मुस्लिम देश इजराइल को देश भी नहीं मानता

**वॉशिंगटन डीसी (ए)।** ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र और जॉर्डन के नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की।



ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम अकॉर्ड्स (समझौते) में शामिल हों। यानी इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करें। ट्रम्प ने कहा कि यूएई और बहरीन पहले से अब्राहम समझौते का हिस्सा हैं। कुछ देशों के पास इसमें शामिल न होने की 'एक-दो वजहें' हो सकती हैं, लेकिन ज्यादातर देशों को इसके लिए तैयार होना चाहिए। दरअसल, पाकिस्तान समेत इन मुस्लिम देशों ने अभी तक इजराइल को मान्यता नहीं दी है। ये देश इजराइल के साथ व्यापारिक और डिप्लोमेटिक से लेकर किसी भी तरह का रिश्ता भी नहीं रखते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निवीर भर्ती के परिणाम घोषित, छत्तीसगढ़ के 1163 उम्मीदवारों को मिली सफलता



**कवर्धा।** सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जनवरी माह में धमतरी (छ.ग.) में आयोजित भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती के विभिन्न पदों का परिणाम दिनांक 25 मई 2026 को घोषित कर दिया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के 1163 युवाओं को सफलता प्राप्त हुई है। यह परिणाम भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है तथा सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है। सभी उत्तीर्ण उम्मीदवारों को 28 मई 2026 को सुबह 07 बजे सभी मूल दस्तावेजो के साथ सेना भर्ती कार्यालय रायपुर (छ.ग.) (जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है) मे प्रारंभिक निर्देशों के लिए उपस्थित होने के निर्देश हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन पारदर्शी है और केवल योग्यता के आधार पर चयन होता है। उम्मीदवारों को दलालों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवार किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक, सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर के टेलीफोन नम्बर 0771-2965212, 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से संपादन के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की

**कवर्धा।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत उड़ियाखुर्द वार्ड क्रमांक-08 और जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत पोलमी के वार्ड-14 के रिक्त पंच पद के निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा ने निर्वाचन संबंधित कार्यो को सुचारू रूप से संपादन के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की है। ग्राम पंचायत पोलमी के वार्ड-14 के रिक्त पंच पद के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग श्री कौशल शर्मा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसका मतदान केन्द्र 26 प्राथमिक शाला भवन पोलमी है। इसी तरह के ग्राम पंचायत उड़ियाखुर्द वार्ड क्रमांक-08 के रिक्त पंच पद के निर्वाचन के लिए उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री बीआर सिन्हा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसका मतदान केन्द्र 157 प्राथमिक शाला भवन उड़ियाखुर्द है है।

### महिला सशक्तीकरण केन्द्र में आईटी असिस्टेंट पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** भारत सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रारंभ की गई अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति अंतर्गत जिला स्तर पर संचालित जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) में आईटी असिस्टेंट पद पर संविदा भर्ती की जाएगी। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा जारी विज्ञापन अनुसार जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) में आईटी असिस्टेंट (अनारक्षित) के आरक्षित पद की पूर्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर के माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में जमा कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 जून 2026, मंगलवार को कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम के सूचना पटल एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

## निधन

### ऋषि यादव



**दुर्ग।** पूर्व केबिनेट मंत्री स्व. हेमचंद यादव के अनुज ऋषि यादव (64 वर्ष) का आकस्मिक निधन सोमवार को प्रातः 5 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सत्यम यादव एवं खुशबू के पिता थे एवं राजदीप व जीत यादव के चाचा थे। विभिन्न सामाजिक बंधुओं सहित जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन : ललित चंद्राकर

### सुशासन तिहार-2026 में विधायक ललित चंद्राकर ने सुनी जनसमस्याएं, गर्भवती माताओं सुपोषण टोकरी व दिव्यांगों को ट्रायसिकल प्रदान किया

समवेत शिखर संवाददाता




**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) ललित चन्द्राकर आज रिसाली स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में नगर पालिका रिसाली द्वारा सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। श्री चन्द्राकर ने शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता, सम्मान और संवेदनशीलता के साथ पहुंचाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जरूरतमंदों की सेवा ही सच्चे अर्थों में जनसेवा है।

सुशासन तिहार केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और शासन के बीच सीधे संवाद का माध्यम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार का संकल्प है कि शासन की योजनाएं कागजों से निकलकर धरातल पर दिखें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।आज यहां आप सभी की समस्याओं को सुनकर तत्काल निराकरण का प्रयास किया गया है। मेरा मानना है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सहायता, सम्मान और संवेदनशीलता के साथ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जरूरतमंदों की सेवा ही सच्चे अर्थों में जनसेवा है।

**गर्भवती माताओं व दिव्यांग को दी सौगात :** इस अवसर पर विधायक श्री चन्द्राकर ने गर्भवती माताओं को सुपोषण टोकरी प्रदान कर उन्हें स्वस्थ जीवन एवं सुरक्षित मातृत्व की शुभकामनाएं दीं। साथ ही दिव्यांग दिनेश कुमार साहू को बैटरी चलित ट्राइसिकल प्रदान की। ट्राइसिकल पाकर श्री दिनेश के चेहरे पर आई मुस्कान एवं आत्मविश्वास को देखकर श्री चन्द्राकर भावुक हो उठे और कहा कि ÷दिनेश जी की यह मुस्कान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। यही सुशासन का असली चेहरा है। सुशासन तिहार के इस कार्यक्रम में रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, महामंत्री दशरथ साहू, गुड्डू झा, नरेन्द्र निर्मलकर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, श्रीमती रमा यादव, श्रीमती सविता धवस, श्रीमती शीला नारखडे, श्रीमती सारिका प्रेमचंद साहू, श्रीमती सीमा साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला दास, श्रीमती संस्कृति वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दुर्ग के श्रमिक परेशान, समर्थन में उतरे अरुण वोरा, 24% पीएफ कटौती, ओवरटाइम और वेतन कटौती

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** रसमड़ा स्थित टॉपवर्थ कंपनी में कार्यरत लगभग 250-300 श्रमिक परिवार इन दिनों गंभीर आर्थिक और मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उनके वेतन से 24% पीएफ कटौती की जा रही है, लगातार अत्यधिक ओवरटाइम कराया जा रहा है तथा भुगतान में भी कटौती की जा रही है। अपनी इन्हीं मांगों और समस्याओं को लेकर श्रमिक पिछले 11 दिनों से आंदोलनरत हैं। श्रमिकों के समर्थन में दुर्ग शहर से विधायक रहे प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा रैली में शामिल हुए और कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में मौजूद श्रमिकों ने उन्हें अपनी पीड़ा और परिवारों पर पड़ रहे आर्थिक संकट से अवगत कराया। इस दौरान अरुण वोरा ने कहा कि कर्मचारियों की आंखों में अपने परिवार और रोजगार को लेकर चिंता साफदिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जो श्रमिक दिन-रात मेहनत कर उद्योग को आगे बढ़ाते हैं, यदि वही अपने अधिकारों और वेतन के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हों, तो यह बेहद गंभीर विषय है।प्रशासन और कंपनी प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि कर्मचारियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर तत्काल समाधान निकाला जाए। अरुण वोरा ने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर जिला कलेक्टर से भी चर्चा की है और श्रमिकों को जल्द से जल्द राहत प्रदान करने की मांग की है।

# हाइवे पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने किया नेक्स्ट जेन डायल-112 सेवा का औचक परीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता




**कवर्धा।** रायपुर से कवर्धा जाते समय उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बेमेतरा के पास हाईवे में रुककर डायल-112 नेक्स्ट जेन सेवा की कार्यप्रणाली का औचक परीक्षण किया। सेवा की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और रिस्पॉन्स टाइम को परखने के लिए उन्होंने स्वयं डायल-112 पर कॉल कर मारपीट और सड़क दुर्घटना का पीड़ित बनकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज कराने के बाद वे नजदीक स्थित ढाबा के पास रुककर पुलिस वाहन के पहुंचने का इंतजार करते रहे। निर्धारित समय में डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद उप मुख्यमंत्री ने वाहन एवं उससे जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाहन में उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं, संचार व्यवस्था, रिस्पांस सिस्टम तथा आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वाहन में लगे लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की कार्यप्रणाली सहित हेल्पलाइन की सहायता प्रक्रिया और उनके द्वारा दिए जाने वाली जानकारियों का भी निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि विगत 18 मई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 400 नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। नई तकनीक से लैस ये वाहन प्रदेश में आपातकालीन सेवाओं की पहुंच और रिस्पांस टाइम को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस नए और उन्नत चरण के तहत संपूर्ण व्यवस्था को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और त्वरित बनाते हुए सुरक्षा मानकों और सहायता क्षमता को मजबूत करने के लिए डायल 112 सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्थान पहचान तकनीक को जोड़ा गया है। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस व्यवस्था में पैनिक बटन और विशेष निगरानी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं, जिससे पुलिस सहायता, एम्बुलेंस, अग्निशमन सेवा तथा महिला सहायता हेल्पलाइन को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# पटवारी 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

### साजा के राजस्व विभाग में रिश्वतखोरी के बढ़ते मामले रुक नहीं रहे, राजस्व विभाग की छवि धूमिल

समवेत शिखर संवाददाता



**साजा।** साजा तहसील क्षेत्र में सरकारी मुलाजिमों की रिश्वत खोरी कम नहीं हो रही है ,एसीबी की लगातार रेड के बावजूद इनकी रिश्वतखोरी वाली हिम्मत गिरती नहीं दिख रही है, पिछले मामले में एसीबी ने छापा मारकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था जबकि आज ग्राम केवतरा के एक प्रार्थी किसान की शिकायत में एसीबी ने साजा में फिर दस्तक देते हुए आरोपी पटवारी ओंकार सोनवानी को 15 हजार रुपए के रिश्वत मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**रिश्वत की कुल रकम 25 हजार :** साजा तहसील के हल्का नंबर 3 में पदस्थ पटवारी ओमकार सोनवानी को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रार्थी के शिकायत अनुसार आरोपी पटवारी ने उससे आपसी जमीन बंटवारे के नाम पर 25 हजार रुपये मांगे थे। जिसकी पहली क़िस्त के रूप में 15 हजार देना तय हुआ था,पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत राजधानी स्थित एंटी करप्शन ब्यूरो में की, जहां सत्यता जांचते हुए आगे की कार्यवाही की गई,मामले में आरोपी पटवारी ओंकार सोनवानी रिश्वत की पहली किश्त लेते ही पकड़ लिया गया है।

**प्रार्थी ने कई बार कहा- प्लीज काम कर दो साहब :** एसीबी ने बताया कि, प्रार्थी नरोत्तम साहू द्वारा शिकायत की गई थी। जिसमें उसने बताया कि, उसके जमीन के बटांकन / खाता विभाजन कर ऋण पुस्तिका बनाने के एवज में पटवारी ओमकार सोनवानी द्वारा 25,000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था , लेकिन बिना रिश्वत के काम नहीं करने के लिए अड़े पटवारी के लिए कोई रास्ता नहीं दिखने पर आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाने की ठानी और न्याय के लिए एसीबी का दरवाजा खटखटाया ,शिकायत का सत्यापन कराने पर एसीबी ने शिकायत सही पाया और सत्यापन दौरान मोलभाव कर आरोपी द्वारा 15,000 रूपये लेने हेतु सहमति दी गई।

**इन धाराओं के तहत हुई गिरफ्तारी :** एसीबी ने ट्रेप आयोजित कर प्रार्थी से आरोपी पटवारी ओमकार सोनवानी को 15,000 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 7 पीसी एक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि, शहादत को किया नमन

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** 25 मई 2013 को झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आज जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि झीरम घाटी की घटना छत्तीसगढ़ एवं देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक अत्यंत दुखद अध्याय है। उन्होंने कहा कि वह हमला केवल कांग्रेस नेताओं पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र और प्रदेश की शांति पर कायरतापूर्ण प्रहार था। उन्होंने कहा कि आज भी झीरम घाटी की घटना को याद कर लोगों की रूह कांप उठती है। शहीद नेताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी पीछे हटने के बजाय संघर्ष करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। धीरज बाकलीवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वर्गीय नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा एवं उदय मुदलियार सहित अन्य सभी शहीद नेताओं, सुरक्षा बलों के जवानों और कार्यकर्ताओं के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों का बलिदान प्रदेश और देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताए मार्ग पर चलते हुए भयमुक्त, शांत एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के अंत में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर की ओर से उपस्थित सभी कांग्रेसजनों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

# सड़क दुर्घटना में एक पैर गवां चुके मजदूर को सुशासन में मिला सहारा

### 20 वार्डों के 763 लोगों ने दिया आवेदन

समवेत शिखर संवाददाता




**विधायक ने समूह को सौंपा चेक**

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सुशासन शिविर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष से एक लाख का ऋण ममतत्व स्व साहयता समूह को उपलब्ध कराया। वहीं विधायक, महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत ज्योति रावते, दीपा ठाकुर, कौशल्या कुर्रे की गोद भराई रश्म की।

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली के सुशासन शिविर में सड़क दुर्घटना में एक पैर गवां चुके पुरैना के दिनेश साहू को सहारा मिला। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बैटरी चलित ट्राई सायकल प्रदान किया। दिनेश साहू एक वर्ष से ट्राई सायकल लेने कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। सोमवार को 20 वार्डों के लिए लगाए शिविर में कुल 763 आवेदन प्राप्त हुए।

दरअसल दिहाड़ी श्रमिक दिनेश हताश होकर पुरैना के शिविर में पहुंचा था। वहां उसने दिव्यांगता का हवाला देते हुए अपनी पीड़ा क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर व कलेक्टर अभिजीत सिंह के समक्ष रखा था। दिनेश साहू का कहना था कि वह लगभग एक साल पहले सुबह-सुबह मजदुरी करने घर से निकला था। इसी बीच सिरसा गेट के निकट उसे हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया। जब उसकी आँख खुली तो वह अस्पताल में था और दाहिना पैर गायब था। पूरे घर की जिम्मेदारी अपने कांधे पर उठाने वाला दिनेश टूट चुका था। जैसे तैसे जयपुर में निर्मित पैर लगाने के बाद वह हिम्मत से चलना शुरू किया। उसकी इच्छा थी कि अगर बैटरी चलित ट्राई सायकल की मदद से वह फिर से कुछ कर सकता है, किन्तु दस्तावेजों के अभाव की वजह से ट्राई सायकल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। कलेक्टर अभिजीत ने पीड़ित की गुहार सुनने के बाद उसे शीघ्र बैटरी चलित ट्राई सायकल दिलाने का आश्वासन दिया था।

सोमवार के शिविर में दिनेश को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ट्राई सायकल भेंट किया। शिविर का अवलोकन महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सनीर साहू, ममता यादव, जमुना ठाकुर, जहीर अब्बास समेत पार्षद शीला नारखेड़े, सविता ढवस, रमा साहू, धमेन्द्र भगत, मनीष यादव, माया यादव, डॉ. सीमा साहू, विलास राव बोरकर, विनय नेताम, परमेश्वर आदि उपस्थित थे।

**आयुर्वेद प्राथमिक अस्पताल खोलने पहल :** दुर्ग ग्रामीण विधायक ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि रिसाली क्षेत्र में आयुर्वेदिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने वे पहल करेंगे। दरअसल सुशासन शिविर में आयुर्वेद दवाईयां लेने नागरिकों की भीड़ अधिक रहती है। इसे देख कर और नागरिकों से चर्चा करने विधायक ने प्राथमिक केन्द्र खोले जाने का आश्वासन दिया।

# सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली पर प्रशिक्षण

### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को समय-सीमा में शिकायत निवारण के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** सुशासन एवं अभिसरण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन एवं आम नागरिक के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

प्रशिक्षण में सुशासन एवं अभिसरण विभाग के विशेषज्ञ श्री अशोक चैबे और श्री पवन तिवारी ने बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन त्वरित शिकायत निवारण हेतु एकीकृत मंच है तथा यह गुड गवर्नेंस की दिशा में राज्य शासन का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके माध्यम से नागरिकों की शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन प्रणाली पाँच प्रमुख स्तंभों शिकायत ट्रैकिंग, समयबद्ध निवारण, नागरिक फीडबैक, पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा कुशल निगरानी पर आधारित है। प्रत्येक दर्ज शिकायत को 12 अंकों का विशिष्ट टोकन क्रमांक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता हर चरण में अपनी शिकायत की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक द्वारा शिकायत श्रेणी (कंप्लेंट कैटेगरी) की अवधारणा को विस्तार से समझाया गया तथा बताया गया। प्रत्येक श्रेणी के लिए विभाग द्वारा एल-1 से एल-4 तक के अधिकारियों की पदनामवार मैपिंग की गई है। शिकायत निवारण हेतु निर्धारित समय-सीमा के अनुसार समय-सीमा निर्धारित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायत का निराकरण न होने पर शिकायत स्वतः अगले उच्च स्तर पर एस्केलेट हो जाएगी। नागरिकों की सुविधा हेतु शिकायत दर्ज कराने के विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें 1076 हेल्पलाइन नंबर, वेब पोर्टल https://cmhelpline.cg.gov.in/ मोबाइल ऐप, जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। नागरिकों की और अधिक सुविधा हेतु सीएम हेल्पलाइन 1076 मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है, जिसे गुगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रशिक्षण में पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने, स्थिति जांचने एवं फीडबैक देने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया तथा अधिकारियों को लॉगिन प्रक्रिया, प्रोफाइल अपडेट, डैशबोर्ड संचालन, लंबित शिकायतों की समीक्षा, समाधान विकल्प चयन एवं प्रतिवेदन (एटीआर) अपलोड की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया कि पोर्टल पर दर्ज की गई जानकारी की सत्यता एवं पूर्णता के लिए संबंधित आवेदक स्वयं उत्तरदायी होगा तथा भ्रामक, असत्य अथवा अपूर्ण जानकारी की स्थिति में शिकायत निरस्त की जा सकती है। प्रशिक्षण के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री विनय पोयाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, एसडीएम श्री संदीप ठाकुर, श्री सागर सिंह राज, श्री चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 38 लाख रुपए का गबन करने वाला आरोपी गिरफ्तार बिलासपुर से पकड़कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** गोयल ट्रेडर्स, जेवरा सिरसा में पदस्थ एरिया सेल्स ऑफिसर द्वारा लगभग 38 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया है। दुर्ग पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेश जायसवाल को बिलासपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि गोयल ट्रेडर्स, जेवरा सिरसा में एरिया सेल्स ऑफिसर के पद पर कार्यरत आरोपी राजेश जायसवाल कंपनी के चाय पत्ती, सेवई, वाशिंग पाउडर एवं अन्य पैकेजिंग सामग्री के विक्रय से प्राप्त राशि को कंपनी खाते में जमा नहीं कर रहा था। आरोपी व्यापारियों से प्राप्त रकम का उपयोग निजी मकान निर्माण एवं अन्य निजी कार्यों में कर रहा था।

जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि वर्ष 2020 से 2022 के बीच लगभग 26 माह की अवधि में आरोपी द्वारा करीब 38 लाख रुपये का गबन किया गया। मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई तथा आरोपी की तलाश की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मेमोरेंडम कथन में गबन की राशि को मकान निर्माण एवं अन्य निजी कार्यों में खर्च करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 409 एवं 420 भारतीय दंड संहिता के तहत वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

प्रकरण में पुलिस द्वारा लेन-देन संबंधी दस्तावेज एवं अन्य अभिलेख जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे, प्रधान आरक्षक जगजीत सिंह, आरक्षक हीरालाल देशमुख एवं आरक्षक यशवंत पिस्ता की सराहनीय भूमिका रही। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से आर्थिक लेन-देन का नियमित सत्यापन एवं निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच जनहित, सुशासन, शहरी विकास, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने देश के विकास में राज्यों की सक्रिय भूमिका और आपसी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।



### सुशासन तिहार के बीच आज होगी साय कैबिनेट की बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की अहम बैठक होगी। यह मीटिंग शाम 6 बजे मंत्रालय में होगी, जिसमें सरकार कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है। राज्य में चल रहे सुशासन तिहार के बीच होने वाली यह कैबिनेट बैठक काफी अहम मानी जा रही है। इस बैठक में प्रशासनिक, विकास और जनहित से जुड़े कई बड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को शाम नई दिल्ली से रायपुर लौटेंगे। इसके बाद मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट बैठक होगी। सरकार की ओर से फिलहाल बैठक का विस्तृत एजेंडा जारी नहीं किया गया है, लेकिन कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना जताई जा रही है।

### एकादशी पर महाराष्ट्र मंडल बूढ़ापारा में 27 को बांटेगा मठा

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति और बूढ़ापारा महिला केंद्र एकादशी पर्व बुधवार, 27 मई को सुबह नौ बजे राहगीरों को मठा वितरित करेगा। केंद्र की ओर से सप्रे शाला बूढ़ापारा परिसर स्थित हनुमान मंदिर में मठा वितरित किया जाएगा। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि मंडल के सेवाभावी कार्यों की श्रृंखला में वल्लभ नगर, शंकर नगर, चौबे कॉलोनी के बाद अब बूढ़ापारा केंद्र की महिलाएं आध्यात्मिक समिति के साथ मठा वितरण करेंगे। काले ने आगे कहा कि 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। ऐसे में सुबह से ही सड़कें सूनी हो जा रही हैं। बहुत जरूरी काम के साथ लोग घरों से बाहर निकल रहे है। ऐसे में राहगीरों, वाहन चालकों, पैदल चलने वालों को राहत से मंडल ने इस पुनीत कार्य का संकल्प लिया है।

### रंजिश के चलते घर पर फेंका बम, आंधी रात हुए हमले से इलाके में दहशत

**रायपुर।** रायपुर के कबीर नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार के घर पर बम फेंका गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। आधी रात को हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार के शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घटना में सोनू पटेल, आकाश पासवान, एक युवती समेत तीन अन्य लोग शामिल थे। कबीर नगर निवासी पीड़िता रिंकु तिवारी ने कबीर नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह हीरापुर स्थित वीर सावरकर नगर के एलआईजी-922 में परिवार के साथ रहती हैं।

### आरक्षक ने शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने आरक्षक मुकेश साहू को गिरफ्तार किया है। वो उसकी माना थाने में पोस्टिंग है। आरक्षक ने सरकारी आवास में पहली बार संबंध बनाए थे। आरोपी उसे रायपुर के एक किराए के मकान में भी रखा था। जब महिला ने शादी करने का दबाव बनाया, तब आरोपी उससे विवाद करने लगा और दूरी बनाने लगा। धोखा मिलने पर युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला कोतवाली थाना इलाके का है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि, उसकी पहचान आरोपी आरक्षक से साल 2008 में हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी और आरोपी ने शादी का वादा कर उससे संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि आरोपी उसे रायपुर स्थित पुलिस लाइन के सरकारी आवास में ले गया था, जहां पहली बार उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

# राजस्व प्रकरणों का तय समय-सीमा में हों निराकरण : राजस्व मंत्री वर्मा

### राजस्व मंत्री के औचक निरीक्षण से रायपुर तहसील कार्यालय में हड़कंप

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आज रायपुर तहसील कार्यालय और नवीन संभाग आयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मंत्री के इस अचानक दौरे से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान राजस्व मामलों के निपटारे में कछुआ गति और लापरवाही सामने आने पर मंत्री ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने आम जनता से जुड़े नामांतरण, त्रुटि सुधार, सीमांकन और बंटवारे जैसे संवेदनशील प्रकरणों में हो रहे विलंब को लेकर अधिकारियों को आड़े हाथों लिया और इन्हें शीघ्र निपटाने के कड़े निर्देश दिए। विशेष रूप से डायवर्सन (व्यपवर्तन) के मामलों में बेहद धीमी प्रगति पाए जाने पर मंत्री ने अनुविभागीय अधिकारी रायपुर को जमकर फटकार लगाई।



**कार्यालयों में साफ-सफाई और फाइलों के रखरखाव दुरुस्त करने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान राजस्व मंत्री ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने परिसर में फैली गंदगी और फाइलों के अव्यवस्थित रखरखाव पर अप्रसन्नता व्यक्त की। मंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आम जनता की सुविधा के लिए कार्यालय में स्वच्छ वातावरण और बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, साथ ही सभी शासकीय दस्तावेजों व फाइलों को पूरी तरह व्यवस्थित रखा जाए।

**विभिन्न शाखाओं और कोर्ट का सघन निरीक्षण :** तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझने के लिए राजस्व मंत्री स्वयं भुइयां शाखा, कानूनगो शाखा, WBN शाखा और मालजमादार शाखा पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालयों का भी सघन निरीक्षण किया। अदालती कार्यवाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने साफ कहा कि राजस्व कोर्ट में सुनवाई निरंतर होनी चाहिए ताकि तारीख-पे-तारीख के चक्कर में आम जनता को परेशान न होना पड़े। लोग सुबह से आकर शाम तक बैठे रहते हैं और सुनवाई किए बिना अगली तारीख दे दी जाती है, यह रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


**लंबित मामलों को शून्य करने का लक्ष्य :** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आंकड़ों का ब्यौरा देते हुए बताया कि तहसील में अब तक दर्ज कुल 65,390 मामलों में से 64,702 का निराकरण किया जा चुका है और वर्तमान में केवल 688 मामले लंबित हैं। इस पर मंत्री ने बचे हुए सभी लंबित मामलों को भी समय-सीमा के भीतर तत्काल शून्य करने का टारगेट दिया।

**जनता से सीधा संवाद और त्वरित निराकरण:** मंत्री ने न केवल फाइलों को खंगाला, बल्कि परिसर में मौजूद आम जनता के बीच पहुंचकर उनसे सीधा संवाद भी किया।

# इबोला वायरस को लेकर छत्तीसगढ़ में अलर्ट रायपुर एयरपोर्ट पर नोडल अफसर नियुक्त

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** अफ्रीका में तेजी से फैल रहे घातक इबोला वायरस संक्रमण को लेकर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती चिंता को देखते हुए विभाग ने रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र जारी कर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर तत्काल एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के कड़े निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आधिकारिक निर्देश में कहा गया है कि इबोला संक्रमण की रोकथाम, यात्रियों की स्वास्थ्य जांच और आवश्यक प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एयरपोर्ट परिसर में विशेष निगरानी रखी जाए। नियुक्त होने वाले नोडल अधिकारी का मुख्य दायित्व एयरपोर्ट पर उतरने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग व्यवस्था का समन्वय करना होगा। इसके अलावा संदिग्ध मरीजों की पहचान कर तत्काल स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट करना, उनके लिए आइसोलेशन और रेफरल व्यवस्था सुनिश्चित करना भी इसी विंग की जिम्मेदारी होगी।



वैश्विक स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कांगो और युगांडा में फैले बंडीबुग्यो स्ट्रेन के इबोला संक्रमण के मामले खतरनाक रफ्तार से बढ़ रहे हैं। वहां कई क्षेत्रों में सैकड़ों संदिग्ध मामले सामने आए हैं और बड़ी संख्या में मौतें दर्ज हो चुकी हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है और कांगो, युगांडा तथा दक्षिण सूडान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सख्त एडवायजरी जारी की है। विदेश और स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपील की है कि यदि कोई यात्री इन देशों से लौटा है और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या शरीर में दर्द जैसे लक्षण हों, तो वह तुरंत डॉक्टरों से संपर्क करे।

# निगम की अनुमति बिना हुआ हर अवैध निर्माण तोड़ा जाएगा : महापौर मीनल

### सुशासन तिहार में अतिक्रमण के आए सबसे ज्यादा आवेदन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम जोन-8 में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में अवैध कॉलोनियों, अवैध प्लॉटिंग और अतिक्रमण के कई आवेदन आए। जिसके बाद रायपुर पश्चिम विधायक और राजेश मूणत ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। निगम का अधिकतम राजस्व वसूला जाए।



अग्रेसन भवन टाटीबंध में आयोजित शिविर में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर और निगम आयुक्त संबित मिश्रा समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। महापौर मीनल चौबे ने मंच से अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि, निगम क्षेत्र में बिना अनुमति किए गए सभी निर्माण अवैध माने जाएंगे। ऐसे मामलों में संबंधित जोन अधिकारी तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण तोड़ें। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक राजेश मूणत ने कहा कि नगर निगम के जोन कमिश्नर यह संकल्प लें कि उनके क्षेत्र में अब कोई नया अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अवैध कॉलोनियों और प्लॉटिंग के मामलों में चुस्त प्रशासनिक व्यवस्था बनाने पर जोर दिया, ताकि राजधानी में सुव्यवस्थित विकास हो सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि शहर में अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए और नागरिकों को त्वरित राहत दी जाए। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि, सुशासन तिहार में मिलने वाले हर आवेदन और शिकायत का तय समय सीमा में समाधान करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। वहीं, सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि, सभी मांगों और शिकायतों को सूचीबद्ध कर उनका शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिविर वास्तव में जनता के लिए सार्थक साबित हो सके।

# रायपुर पुलिस ने आईपीएल ऑनलाइन-सट्टा गिरोह का किया भंडाफोड़, 72 घंटे, 5 पैनल और 26 बुकी गिरफ्तार

### कोलकाता से हरियाणा तक फैला था सट्टे का नेटवर्क

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने आईपीएल ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोलकाता और हरियाणा तक दबिश दी है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने 72 घंटे तक चले विशेष ऑपरेशन में 5 बड़े पैनल नेटवर्क ध्वस्त करते हुए कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17 लाख 92 हजार 70 रुपए कैश, 59 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप और एक कार जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई गई है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त स्मृतिक राजानाला की मॉनिटरिंग में की गई। इस दौरान कोलकाता, गुरुग्राम, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में दबिश दी गई। पुलिस के अनुसार आरोपी LOTUS365, Goldene&ch, Liony, Naseeb Book, Grande&ch, Powere&ch समेत कई ऑनलाइन पैनलों के जरिए आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा संचालित कर रहे थे। रायपुर पुलिस ने बताया कि, कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद से अब तक ऑनलाइन सट्टा मामलों में 18 केस दर्ज कर 100 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक करीब 4 करोड़ 29 लाख रुपए से ज्यादा की संपत्ति और सामग्री जब्त की गई है। पुलिस का दावा है कि ढ्ढक्करु सीजन के दौरान कुल 13 बड़े सट्टा पैनल नेटवर्क ध्वस्त किए गए हैं। थाना तेलीबांधा के मामले में पुलिस ने पहले नमन जग्गी, आयूप जैन और अंकित अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में कोलकाता में पैनल ऑपरेट होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने कोलकाता में रेड कार्रवाई कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। यहां से 35 मोबाइल, 2 लैपटॉप और 8 लाख रुपए नकद बरामद किए गए।



# मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में नवा रायपुर बन रहा हाई-टेक उद्योगों का नया केंद्र

### छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के नए दौर की शुरुआत

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने औद्योगिक विकास की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नवा रायपुर में दूसरे विशेष आर्थिक क्षेत्र (स्र्ब्ज़) को मंजूरी मिल गई है। पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को नवा रायपुर में 10.13 हेक्टेयर क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंजीनियरिंग आधारित एसईजेड स्थापित करने की स्वीकृति मिली है, जहां सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए छत्तीसगढ़ में पहला सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित होगा। इसके साथ ही राज्य तकनीक आधारित और उच्च मूल्य वाले उद्योगों की नई दुनिया में कदम रखेगा। इससे न केवल औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ तकनीक आधारित निवेश और आधुनिक विनिर्माण का नया केंद्र बनकर उभरेगा। नवा रायपुर में बनने वाला यह विशेष आर्थिक क्षेत्र राज्य के निर्यात को बढ़ावा देने, नए निवेश आकर्षित करने और छत्तीसगढ़ को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही कौशल विकास, नवाचार और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। अनुमान है कि इस परियोजना से अगले पांच वर्षों में 1300 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही राज्य में कुशल युवाओं के लिए हाई-टेक उद्योगों में काम करने के नए रास्ते खुलेंगे और तकनीकी कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ में निवेश और उद्योगों के लिए बन रहे सकारात्मक माहौल का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहतर आधारभूत सुविधाएं, पारदर्शी व्यवस्था और निवेश अनुकूल नीतियों के जरिए भविष्य के उद्योगों के लिए मजबूत वातावरण तैयार कर रही है।



### मरीन-ड्राइव से 15 दिनों के भीतर जलकुंभी हटाने का अल्टीमेटम, पुरंदर मिश्रा ने हालात का जायजा लिया

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर के तेलीबांधा मरीन ड्राइव में बढ़ती गंदगी और अव्यवस्था को लेकर अब प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। उत्तर विधानसभा से विधायक पुरंदर मिश्रा मरीन ड्राइव पहुंचे और हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब किनारे बसे देवार डेरा क्षेत्र में फैली गंदगी पर नाराजगी जताई। विधायक ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र का जल्द तकनीकी सर्वे कर वहां रह रहे लोगों का अन्यत्र व्यवस्थापन किया जाए और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इलाके को खाली कराया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने भी सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने तेलीबांधा तालाब की सफाई कर रहे ठेकेदार को फटकार लगाते हुए अगले 15 दिनों के भीतर तालाब को जलकुंभी मुक्त करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि अभियान चलाकर तालाब की सफाई की जाए और लगातार मॉनिटरिंग हो ताकि मरीन ड्राइव क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे। नगर निगम ने मरीन ड्राइव के दुकानदारों को भी सख्त हिदायत दी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी दुकानों में डस्टबिन रखना अनिवार्य कराया जाए और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग दिया जाए।



# रायपुर के मदरसों में बाल आयोग अध्यक्ष का सरप्राइज इंस्पेक्शन

### बच्चों से कराई जा रही थी सफाई यतीमखानों में गंदगी और अस्वच्छ भोजन व्यवस्था मिली

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में 2 मदरसों और यतीमखानों में छत्तीसगढ़ बाल आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने सरप्राइज इंस्पेक्शन किया।

इस दौरान बच्चों की दिनचर्या, साफ-सफाई और भोजन व्यवस्था को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई है। वर्णिका शर्मा ने बैजनाथ पारा स्थित मदरसा इस्लाहुल मुस्लिमीन, दारुल यतामा और पुलिस पेट्रोल पंप के पास स्थित मदरसा इदारा-ए-सरिया यतीम खाना का जायजा लिया। बच्चों से श्रम कार्य कराए जाने और सुबह से देर रात तक पढ़ाई कराए जाने पर भी नाराजगी जताई।



मदरसा-यतीमखाना में बच्चों से बात करते हुए छत्तीसगढ़ बाल आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा।

मदरसा-यतीमखाना में बच्चों से बात करते हुए छत्तीसगढ़ बाल आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा। जांच में पाया गया कि बच्चों की दिनचर्या अधिक लंबी और असंतुलित है। उन्हें सुबह से देर रात तक पढ़ाई कराई जा रही थी, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर असर पड़ने की आशंका जताई गई। साथ ही निरीक्षण के दौरान परिसर और किचन में गंदगी भी मिली। इसके अलावा स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी और बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को भी असंतोषजनक पाया गया। निरीक्षण में पाया कि बच्चों से सफाई और अन्य दैनिक कार्य कराए जा रहे थे।

# सड़क दुर्घटनाएं नहीं हों, इसके लिए हर जरूरी कदम उठाएं : मुख्य सचिव



### ब्लैक स्पॉट की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश, प्रदेश में 150 स्थानों पर लगे ईव्ही चार्जिंग स्टेशन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव विकासशील ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सभी समुचित और ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव आज मंत्रालय में सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

**ब्लैक स्पॉट सुधारने पर विशेष जोर :** मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और वहां आवश्यक सुधार कार्य तत्काल किए जाएं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से सड़कों की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए ताकि हादसों की आशंका खत्म हो सके।

**सुप्रीम कोर्ट और केंद्र की योजनाओं की समीक्षा :** बैठक में राज्य सड़क सुरक्षा कोष, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फ्लोदी एवं रंगा रेड्डी सड़क दुर्घटना मामलों में दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। साथ ही पीएम राहत योजना और पीएम ई-ड्राईव योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने सर्वोच्च न्यायालय की कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने को कहा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सड़क दुर्घटना रेस्क्यू से संबंधित एसओपी के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई।

**ईवी चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने के निर्देश**

मुख्य सचिव ने पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत ई-वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की स्थापना में तेजी लाने को कहा। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्धारित स्थलों पर तत्काल ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अब तक 150 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। इन स्टेशनों पर पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सब्सिडी भी दी जाती है।

**घायलों को मिलेगा कैशलेस इलाज**

मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित उपचार मिलना सबसे जरूरी है। प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत घायलों का अस्पताल में कैशलेस उपचार किया जाता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, गृह-पुलिस, परिवहन तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत अब तक 282 सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के उपचार के लिए पंजीकरण किया गया है। मुख्य सचिव ने इस योजना के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की और इसे और प्रभावी बनाने को कहा। बैठक में परिवहन विभाग के सचिव एवं आयुक्त श्री एस. प्रकाश, नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव सुश्री आर. शंगीता सहित पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# औषधीय पौधों की खेती छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक उन्नति का बेहतर विकल्प : अंजय शुक्ला

### धान की खेती के बदले औषधीय पौधों की खेती पर राज्य स्तरीय कार्यशाला हुई

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा आज राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (एसएफआरटीई), रायपुर के परिसर में एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ÷धान की खेती के बदले औषधीय पौधों की खेती÷ विषय पर केंद्रित इस कार्यशाला की अध्यक्षता बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला ने की।



कार्यशाला को संबोधित करते हुए बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए औषधीय व सुगंधित पौधों की खेती एक गेम-चेंजर साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक धान की खेती में इनपुट कॉस्ट (लागत) लगातार बढ़ रही है और उसके मुकाबले शुद्ध लाभ अपेक्षाकृत कम होता है। इसके विपरीत, औषधीय पौधों की खेती में कम लागत और कम मेहनत में कई गुना अधिक लाभ कमाने की अपार संभावनाएं हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए किसानों को अब फसल विविधीकरण (क्रॉप डायवर्सिफिकेशन) को अपनाना होगा। किसानों को प्रोत्साहित करने और उनके जोखिम को कम करने के लिए श्री शुक्ला ने बोर्ड द्वारा दी जा रही विशेष सुविधाओं की जानकारी दी। इच्छुक किसानों को बोर्ड की तरफ से निःशुल्क पौधे, उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावहारिक ज्ञान के लिए अध्ययन भ्रमण (एक्सपोजर विजिट) की सुविधा दी जा रही है। किसानों को फसल बेचने की चिंता से मुक्त करने के लिए बोर्ड द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठित व्यापारिक व औषधीय संस्थाओं से पूर्व अनुबंध (प्री कॉन्ट्रैक्ट) कराया जाता है, जिससे उत्पादन के तुरंत बाद तयशुदा कीमतों पर खरीदी सुनिश्चित हो सके।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### रूबियो का भारत दौरा

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का पहला नई दिल्ली दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब पूरी दुनिया में होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से त्राहिमाम मची हुई है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि अमेरिका व ईरान स्थायी समाधान के किसी फॉर्मूले पर जल्द ही राजी हो सकते हैं, मगर जब तक ऐसे किसी करार की दोनों पक्षों द्वारा औपचारिक घोषणा नहीं की जाती, तब तक कोई भी कयासबाजी बेमानी है। इस वक्त की कड़वी हकीकत यही है कि कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं और देशों की अर्थव्यवस्था खासा दबाव में हैं। भारत उनमें से एक है, क्योंकि यह एक बड़ा तेल आयातक देश है। ऐसे में, रूबियो का यह कहना कि वाशिंगटन भारत की ऊर्जा जरूरतों को समझता है और वह उसे तेल मुहैया कराने को तैयार है, एक मिले-जुले भाव को जन्म देता है। आश्वस्ति इस बात की है कि भारत के सामने एक और बड़े तेल आपूर्तिकर्ता देश का प्रस्ताव है। रूस और ईरान पहले ही सस्ती दर पर भारत को तेल देने की पेशकश कर चुके हैं। ऐसे में, बड़ा सवाल यह है कि अमेरिका क्या हमें रूस, सऊदी अरब, यूएई और ईरान वाली दर पर ही कच्चा तेल मुहैया कराएगा? क्या उससे तेल आयात की परिवहन लागत रूस और पश्चिम एशिया के मुकाबले किफायती पड़ेगी?

वेनेजुएला के तेल भंडारों पर निर्णायक नियंत्रण पाने के बाद ईरान पर अमेरिकी हमले की गुत्थी दुनिया के आगे खुल चुकी है। सभी जानते हैं कि तेहरान के पास कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार है। अमेरिका की निगाह हथियारों के साथ-साथ ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने की है, ताकि पेट्रोडॉलर पर कोई संकट न आए और उसकी अर्थव्यवस्था को झटके न लगें। वाशिंगटन जानता है कि भारत कच्चे तेल के आयात पर सबसे अधिक 174 अरब डॉलर खर्च करता है, इसलिए भारत आने से पहले रूबियो ने मियामी में अपनी यह मंशा बेलाग जाहिर की कि वाशिंगटन चाहता है, भारत के ऊर्जा पोर्टफोलियो में अमेरिकी ऊर्जा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा हो। उधर, माना यह जा रहा है कि अगर अमेरिका-ईरान में कोई टिकाऊ समझौता होता है, तो उसमें तेहरान को अपने ऊपर लगी पाबंदियों से काफी हद तक राहत मिल सकती है। इससे तेल उत्पादक और आपूर्तिकर्ता देशों में एक नई प्रतिस्पर्द्धा छिड़ेगी, जिसका लाभ नई दिल्ली भी उठाना चाहेगी। अमेरिका ने जिस तरह से भारतीय वस्तुओं के आयात पर टैरिफ बढ़ाया, उससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों में तनाव पैदा हुआ है। रूबियो का यह दौरा अगर उस तनाव को शिथिल कर सका और एक तर्कसंगत व्यापार समझौते की सूरत बनी, तो यकीनन उनके पहले दौरे को कामयाब माना जाएगा। भारतीय राजनय के लिए यकीनन यह इम्तिहान का समय है। नई दिल्ली अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अमेरिका पर बहुत निर्भर नहीं हो सकती। इसकी वजह ट्रंप प्रशासन ने अपनी टैरिफ नीति के जरिये दे दी है। आतंकवाद के मुद्दे से लेकर द्विपक्षीय व्यापार तक अमेरिकी नीति में स्थिरता का घोर अभाव है। दूसरी बात, भारत की ऊर्जा नीति पश्चिम एशिया और रूस के साथ द्विपक्षीय रिश्तों की एक मजबूत बुनियाद है।

# भारत की विकास यात्रा, अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही

■ सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति





जब मैं तिरुप्पुर के स्कूल में पढ़ता था, तब मेरे मन में देश को लेकर कई सपने थे। मेरे मन में अक्सर ये सवाल उठते थे- भारत अपनी महानता कब वापस पाएगा? विश्व मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में कब उभरेगा? हमारे गरीब और वंचित भाई-बहनों को सम्मानजनक जीवन कब मिलेगा? मुझे खुशी है कि किशोरावस्था में मेरे मन में जो विचार थे, वे अब साकार हो रहे हैं।

मैं अक्सर खुद को स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों की याद दिलाता था, उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको। तमिलनाडु की धरती से स्वामीजी के दिए ये शब्द हर व्यक्ति में देशभक्ति और समर्पण की भावना जगाने की अपार शक्ति रखते हैं। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा कि जब भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ेगा, तब वह पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनकर उभरेगा। पिछले एक दशक में मुझे यह देखकर खुशी होती है कि हमारा देश जबरदस्त ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अब हमें अपनी आंखों के सामने तिरुवल्लुवर के इन शब्दों की सच्चाई देखने का अवसर मिल रहा है-जो अपने संकल्प में अडिग रहते हैं, वे ठीक वही हासिल करते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना की होती है। हम देख सकते हैं कि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जो प्रगति हासिल की है, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी और अनिश्चितताओं से जूझ रही है, भारत की अर्थव्यवस्था मज़बूती और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस दौर को निरंतर विकास का युग बनाने के लिए सरकार और जनता, दोनों का साझा उत्साह ही इस प्रगति का कारण है। एक समय कमजोर अर्थव्यवस्था माने जाने वाला हमारा देश आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा आर्थिक विकास समावेशी रहा है।

पिछले एक दशक में लगभग 25 करोड़ भारतवासी अत्यधिक गरीबी से बाहर निकलकर सम्मानपूर्ण जीवन जीने में सक्षम हुए हैं। अब तक भारत में गरीब और बेघर लोगों के लिए लगभग 4 करोड़ पक्के घर बनाए जा चुके हैं। 12 करोड़ से अधिक लोगों को पाइप से पीने के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। हमने खुले में शौच से मुक्त राष्ट्र बनने का संकल्प लिया था और केवल 60 महीनों के भीतर देश ने 60 करोड़ लोगों के लिए यह लक्ष्य हासिल कर दिखाया।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को हर वर्ष 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है, जिस पर 2.3 लाख करोड़ रुपये का खर्च किया जा रहा है। मैंने बचपन से ही गांवों में लोगों को इलाज की सुविधा न मिलने के कारण परेशान होते देखा है। उनके परिवारों की पीड़ा देखकर मुझे दुख होता था। आज देश इस संकल्प के साथ आयुष्मान भारत योजना चला रहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक पहुंचें। इसी का परिणाम है कि अब 44 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। केवल पिछले एक वर्ष में ही 2.5 करोड़ लोगों ने इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज प्राप्त किया है।

हमारे किसानों ने अपनी मेहनत से 35 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन किया है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश बन गया है। भारत अब चावल उत्पादन में भी दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और अपने निर्यात के माध्यम से दुनिया से जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है।आज हमारी नारी शक्ति के लिए देश के विकास में पूरी भागीदारी के अवसर खुल रहे हैं। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी बन चुकी हैं। कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान एवं तकनीक से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। अब महिलाएं सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन भी प्राप्त कर रही हैं और युद्धक भूमिकाओं में भी भाग ले रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में उनकी भागीदारी को और मजबूत करेगा।

जब मैं देशभर की यात्रा के दौरान लखपति दीदियों और नमो ड्रोन दीदियों से मिलता हूं, तब मुझे अपनी बहनों के चेहरों पर उम्मीद की चमक दिखाई देती है। महिलाओं के दैनिक जीवन को आसान बनाने और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए देशभर में लगभग 2 करोड़ नए एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

जब हम युवा पीढ़ी को उत्साह के साथ स्टार्टअप्स की ओर आगे बढ़ते देखते हैं, तब हमें देशभक्त कवि सुब्रमण्यम भारती के ये शब्द याद आते हैं-

आओ, आओ, आओ और अपने सपनों को साकार करो,
पूरा देश एकजुट होकर आगे बढ़े और समृद्ध बने,
आओ, आओ, आओ और कोई महान कार्य करके दिखाओ।

युवाओं के लिए पिछले दस वर्षों में ही 13 नए आईआईटी स्थापित किए गए हैं, जिससे देश में आईआईटी की कुल संख्या बढ़कर 23 हो गई है। इसी तरह आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। एम्स की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो चुकी है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या 37 से बढ़कर 823 हो गई है। यह गर्व की बात है कि मेडिकल छात्रों के लिए सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 1,29,603 हो गई है।

हम विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय रेलवे का लगभग 99 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। देशभर में 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों ने रेल यात्रा के एक नए युग की शुरुआत की है। हवाई अड्डों की संख्या भी 74 से बढ़कर 163 हो गई है और उड़ान योजना के तहत आम लोगों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है।तमिलनाडु के लिए रेलवे बजट का आवंटन, जो एक दशक पहले लगभग ?880 करोड़ था, बढ़कर 2026ङ्क27 में ?7,600 करोड़ हो गया है। तमिलनाडु में यह खुशी की बात है कि रामेश्वरम और पंबन के बीच नया पंबन ब्रिज बनाया गया है, जो भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज है।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### ये गलत आदतें बढ़ाती हैं कर्ज की समस्या

अगर आप भी लंबे समय से कर्ज के बोझ तले दबे हैं और आर्थिक परेशानियां कम नहीं हो रही हैं, तो गरुड़ पुराण में बताई गई इन 4 गलत आदतों को तुरंत छोड़ दें। इससे ना सिर्फ कर्ज की समस्या दूर होगी, बल्कि घर में शांति और समृद्धि भी आएगी।

**सूर्योदय के बाद और सूर्यास्त के समय सोना** : गरुड़ पुराण के अनुसार, सूर्योदय के बाद देर तक सोना और सूर्यास्त के समय बिस्तर पर पड़े रहना काफी अशुभ माना गया है। सूर्य देव की किरणें सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक हैं। इस समय सोने से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ती है और कर्ज बढ़ने लगता है। सुबह जल्दी उठकर सूर्य को अर्घ्य देना और सूर्यास्त के समय शांतिपूर्वक भजन-कीर्तन या परिवार के साथ समय बिताना चाहिए।

**कठोर वाणी और दूसरों का अपमान करना** : जो व्यक्ति बातचीत में कड़वे शब्दों का प्रयोग करता है या दूसरों का अपमान करता है, गरुड़ पुराण में उसे आर्थिक संकट का सबसे बड़ा कारण बताया गया है। कठोर वाणी से मां लक्ष्मी रुष्ट हो जाती हैं। मीठी और सत्य वाणी बोलने से ना सिर्फ रिश्ते मजबूत होते हैं, बल्कि धन भी टिकता है। इसलिए हमेशा विनम्रता और शांति से बात करें।

**घर में गंदगी और रात में जूठे बर्तन छोड़ना** : गरुड़ पुराण में साफ-सफाई को मां लक्ष्मी का निवास बताया गया है। जिस घर में गंदगी रहती है, जूठे बर्तन रात भर पड़े रहते हैं, वहां नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और लक्ष्मी जी चली जाती हैं। इससे कर्ज बढ़ता है और परिवार में कलह होती है। रात को सोने से पहले बर्तन जरूर धो लें और घर को साफ-सुथरा रखें।

## धर्म-कर्म

### घर में इन जगहों पर गलती से ना रखें गंगाजल

सनातन धर्म में गंगा नदी को मां का स्वरूप माना जाता है। गंगाजल को अत्यंत पवित्र और पाप नाशक माना जाता है। कलयुग में भी गंगाजल को विशेष महत्व दिया जाता है। अधिकतर घरों में शुद्धता और सकारात्मकता बनाए रखने के लिए गंगाजल रखा जाता है। लेकिन कई लोग अनजाने में इसे गलत जगह पर रख देते हैं, जिससे वास्तु दोष हो सकता है और गंगाजल का पवित्र प्रभाव कम हो जाता है।

**गंगाजल का धार्मिक महत्व** : गंगाजल ना सिर्फ पवित्र है, बल्कि यह शुभ कार्यों, पूजा-पाठ और घर की शुद्धि के लिए आवश्यक माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि गंगाजल छिड़कने मात्र से वातावरण शुद्ध हो जाता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। लेकिन इस पवित्र जल को सही जगह और सही तरीके से रखना बहुत जरूरी है, अन्यथा उल्टा प्रभाव पड़ सकता है।

**बेडरूम में गंगाजल रखना वर्जित** : सोने का कमरा आराम और विश्राम का स्थान होता है। वास्तु और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगाजल को बेडरूम में नहीं रखना चाहिए। बिस्तर के पास या सिरहाने रखने से नींद संबंधी परेशानी, मानसिक अशांति और वास्तु दोष हो सकता है। गंगाजल को पूजा स्थल या मुख्य कमरे में रखना ज्यादा उचित होता है।

**किचन में गंगाजल रखने से बचें** : रसोई खाने-पीने और अग्नि से जुड़ी जगह होती है। यहां गंगाजल रखना शुभ नहीं माना जाता है। आग और जल की ऊर्जा में टकराव हो सकता है, जिससे घर में आर्थिक रुकावट या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आ सकती हैं। गंगाजल को किचन से पूरी तरह दूर रखें।

## आंचलिक

# 'सुशासन तिहार भीषण गर्मी के बावजूद हजारों ग्रामीणों ने उठाया कल्याणकारी योजनाओं का लाभ'

**समवेत शिखर संवाददाता**



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार के अंतर्गत बीजापुर जिले के कुटरु में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप की परवाह न करते हुए हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के त्वरित निराकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने शिविर पहुंचे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने संबोधित करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और तेंदूपत्ता संग्रहण जैसी जन-हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

'सुशासन तिहार भीषण गर्मी के बावजूद हजारों ग्रामीणों ने उठाया कल्याणकारी योजनाओं का लाभ' इस वृहद् शिविर में ग्राम पंचायत गुदमा, कोमपल्ली, केतुलनार, सकनापल्ली, अड़ावली, अम्बेली, कुटरु, मंगापेठा, दरभा, उसकापटनम, करकेली, हुर्रागुबाली, फरसेगढ़, रानीबोदली, सागमेटा, पेंकरम, सोमनपल्ली और मण्डेम सहित आस-पास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण बड़ी तादाद में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि का संदेश बस्तर मुन्ने (बस्तर के बच्चे/आगे) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना हमारा संकल्प है। इसके लिए ग्रामीण अपने आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार रखें और शिविरों में तैनात शासकीय अमले का पूरा सहयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में शासन की अधिकांश योजनाओं का लाभ डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किया जा रहा है, जिसके लिए बैंक खाता और आधार कार्ड का लिंक होना अनिवार्य है। इसके साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके जरिए पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर में उस समय एक बेहद संवेदनशील और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जब महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई और छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। इस पहल ने प्रशासनिक शिविर को एक पारिवारिक और आत्मीय उत्सव में बदल दिया।

# ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जा रहा जागरूक



**समवेत शिखर संवाददाता**

**दंतेवाड़ा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में 20 मई से 15 जून 2026 तक विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में विकासखंड समन्वयक, युवोदय टीम एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव पहुंचकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं।इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, शौचालय उपयोग एवं घरों से कचरा संग्रहण के महत्व की जानकारी देने के साथ-साथ ग्रामीणों को खुले में शौच से होने वाली हानियों के बारे में समझाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव बनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। युवोदय टीम द्वारा भी स्थानीय भाषा हल्बी एवं गोंडी में मुनादी कर लोगों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने और स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## आज का इतिहास

- 1867 - जापान में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई।
- 1877 – यात्रियों को लेकर जा रहा स्टीमर जहाज उड़ीसा तट के पास डूब गया।
- 1905- दक्षिण अफ्रीका में अश्वेतों को मताधिकार मिला।
- 1919- जावा में केलट ज्वालामुखी फटने से 16 हजार से भी अधिक लोगों की मृत्यु।
- 1944- यूनाइटेड नेग्रो कॉलेज फंड के स्थापना हुई थी।
- 1954- बेल व्यावहारिक सौर सेल सार्वजनिक रूप से बेल टेलीफ़ोन प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदर्शित किया गया था।
- 1957- सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया।
- 1961- अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी ने अंतरिक्ष अभियान शुरु करने के लिए वित्तीय मदद की घोषणा की।
- 1963- अफ़्रीकी इतिहास में पहली बार 32 अफ़्रीकी देशों ने मिलकर अफ्रीकन यूनियन नाम संगठन बनाया।

प्रथम पेज का शेष

## धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण...

**पद्म भूषण :** वहीं, मशहूर सिंगर अल्का याग्निक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण सम्मान के लिए चुना गया है। इनमें से कुछ को आज सम्मानित किया गया है। शेष बचे लोगों को अगले चरण में सम्मानित किया जाएगा।

**इन्हें सम्मानित किया गया :** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल, प्रख्यात समाजसेवी, शिक्षाविद्, पत्रकार एवं समर्पित राष्ट्रवादी नेता भगत सिंह कोश्यारी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जनसेवा के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा, बैंकर उदय कोटक को इंडस्ट्री में राष्ट्रपति ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कला क्षेत्र में विज्ञापन जगत के दिग्गज, दिवंगत पीयूष पांडे को 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया। पत्नी नीता जोशी ने यह सम्मान लिया। वीके मल्होत्रा को मरणोपरांत पब्लिक अफेयर्स के क्षेत्र में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया। उनके बेटे अजय कुमार मल्होत्रा को दिया गया। शतावधानी आर गणेश को कला क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, कल्लिपट्टी रामसामी पलानीस्वामी को मेडिसिन के क्षेत्र में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया।

### पद्मश्री सम्मान

एक्टर आर. माधवन (माधवन रंगनाथन), क्रिकेटर रोहित शर्मा, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है। इनमें से कुछ को आज पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शेष बचे हुए लोगों को अगले चरण में सम्मानित किया जाएगा।

- श्री विश्व बंधु को कला क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी इंदु देवी ने यह सम्मान लिया।
- देवकी अम्मा जी समाज सेवा में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ रामचद्रं गोडबोले एवं सुनीता गोडबोले को चिकित्सा क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- भरत सिंह भारती कला क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।
- तगा राम भील कला क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।
- महिला क्रिकेट टीम के कप्तान हरमनप्रीत कौर खेल में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।
- रतिलाल मोहन लाल बोरीसागर साहित्य एवं शिक्षा क्षेत्र पद्मश्री से सम्मानित किया गया।
- कुमार बोस कला क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- जनार्दन बापूराव बोथे समाज सेवा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- स्वामी ब्रह्मदेव समाज सेवा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- प्रोसेनजित चटर्जी कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- तेची गुबिन समाज सेवा में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ एचवी हाण्डे चिकित्सा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- गफरुद्दीन मेवाती जोगी कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- मीर हाजी कासिम कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- रघुवीर खेडकर कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- आर कृष्णन किटना मरणोपरांत कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- जर्मनी के डॉ लार्स क्रिस्चियन कोच कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष ममिडाला जगदेश कुमार को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार मिला।
- दिव्यांग ऊंची कूद खिलाड़ी एवं पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को खेल में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- के.विजय कुमार को सिविल सेवा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- श्रीरंग देवबा लाड को कृषि में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- अंकेगौड़ा एम को समाज सेवा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- प्रो. सरोज मंडल को चिकित्सा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- बुद्ध रश्मि मणि को पुरातत्व विज्ञान में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- निलेश विनोदचंद्र मांडलेवाला को समाज सेवा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

0 महेंद्र कुमार मिश्र को साहित्य एवं शिक्षा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

- तृप्ति मुखर्जी को कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- हरिमाधव मुखोपाध्याय मरणोपरांत कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- सोलर ग्रुप के चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल को भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया।
- पुदुचेरी के सिलंबम खिलाड़ी के. पजनीवेल को पारंपरिक मार्शल आर्ट के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने पीएम मोदी के पैर छूए।
- धार्मिक लाल चुन्नीलाल पंड्या को कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- कैलाश चंद्र पंत को साहित्य एवं शिक्षा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- गरिमेल्ला बालकृष्ण प्रसाद को मरणोपरांत कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- प्रो. डॉ राजेंद्र प्रसाद को चिकित्सा क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ गुडुरु वेकेंट राव को चिकित्सा क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- दीपिका रेड्डी को कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- पलकोंडा विजय आनंद रेड्डी को चिकित्सा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- हरिचरण शइकीय को कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- प्रो. वेम्पटि कुटुंब शास्त्री को साहित्य एवं शिक्षा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- जम्मू कश्मीर के शफी शौक को साहित्य एवं शिक्षा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- हॉकी कोच बलदेव सिंह को खेल में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- युमनाम जात्रा सिंह मरणोपरांत कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- अशोक कुमार सिंह को विज्ञान एवं इंजनियरिंग में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- शिवशकंरी को साहित्य एवं शिक्षा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ आर श्रीधर को रेडियो ब्राडकास्टिंग में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- प्रो.श्याम सुंदर को चिकित्सा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ. एसजी सुशीलम्मा को समाज सेवा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- एन स्वामीनादन को कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ केवल कृष्ण ठकराल को चिकित्सा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ गोपाल जी त्रिवेदी मरणोपरांत विज्ञान एवं इंजीनियरी में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- अरविंद वैद्य को कला में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- प्रो. जुजुर वासी को विज्ञान एवं इंजीनियरी में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ नारायण व्यास को पुरातत्व विज्ञान में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ. गंभीर सिंह योनजेन को साहित्य एवं शिक्षा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।
- डॉ हैली वार को समाज सेवा में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई



**कवर्धा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत कवर्धा के सभागार कक्ष में किया गया। कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का वाचन कर प्रतिभागियों को नियमों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का प्रशिक्षण जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण श्री संजय सोनी द्वारा दिया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने, कचरा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान एवं जनभागीदारी की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, सचिवों एवं बिहान कैडर की महिलाओं को स्वच्छता संबंधी नियमों के पालन एवं ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक उपायों एवं व्यवहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, बिहान कैडर की महिलाएं सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे के मृतक की बेटियों की पढ़ाई का जिम्मा लिया अल मदद ने, आर्थिक सहायता भी दी



**भिलाई।** अंचल की समाजसेवी मुस्लिम महिलाओं के संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने सड़क हादसे के मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दी और उनके बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा लिया। सोसाइटी के पदाधिकारी हाल ही में चंद्रा-मौर्या टॉकीज के पास सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सेक्टर-2 निवासी सलीम खान के सेक्टर-2, स्ट्रीट-16 क्वार्टर नंबर 64 स्थित निवास पहुंचे। दुख की इस घड़ी में सोसाइटी की ओर से मृतक की पत्नी सलमा खातून को 15,000 की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया, जिससे उनके घर में राशन-पानी और दूसरी जरूरतें पूरी हो सकें। सोसाइटी की प्रेसिडेंट अंजुम अली ने बताया कि मरहूम सलीम खान की तीन बेटियां हैं। सोसाइटी की ओर से इन तीनों बेटियों की स्कूली शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी उठाई है। जब तक बच्चियाँ पढ़ाई करेंगी, उनकी शिक्षा का पूरा खर्च सोसाइटी द्वारा वहन किया जाएगा। इस दौरान कोषाध्यक्ष शाहीन खान, दरख्शां अंजुम एवं मिस्बाह हुसैन भी मौजूद थीं।

# जंजगिरी में सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर का चौथा चरण संपन्न

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड वार शिविर का चौथा चरण सोमवार दिनांक 25/05/26 को वार्ड 17, 19, 23 एवं 24 के समस्या निवारण हेतु मां कर्मा भवन जंजगिरी में आयोजित किया गया जिसमें राशन कार्ड, लोक निर्माण विभाग, जल विभाग, आधार कार्ड, निशुल्क ई केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन शाखा में जन्म,मृत्यु,विवाह प्रमाण पत्र, बिजली विभाग, महिला बाल विकास एवं पुलिस विभाग द्वारा 'आपकी जन मित्र' का डेस्क लगाकर नशा, साइबर और यातायात जैसी समस्याओं का निराकरण हेतु आवेदन लिया गया शिविर में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चियों को सेनेटरी पैड का वितरण तथा पोषण आहार का वितरण किया गया साथ हीनए राशन कार्ड का वितरण किया गया ।



कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारियों ने सरकार के योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए आवेदन करने का तरीका साथ ही कौन कौन से दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ेगी इस बात की जानकारी दी गई। अंत्योदय राशन कार्ड, प्राथमिकता राशन कार्ड, बीपीएल, एपीएल राशन कार्ड, महिला एवं बाल विकास की योजना का लाभ के लिए दस्तावेज,आवास योजना के लिए दस्तावेज एवं अन्य विभागों के योजना के लिए समस्त जानकारी दी गई। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 08 आवास निर्माण पूर्ण होने का प्रमाण पत्र और आवास की चाबी सौंपी गई साथ ही 1 आवास स्वीकृत किया गया खाद्य विभाग से लगभग 26 राशन कार्ड वितरण किया गया। सभी विभागों को मिलाकर कुल 303 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे सबसे अधिक लोक निर्माण विभाग के 127 में 119 मांग पत्र और 8 शिकायत प्राप्त हुए हैं।

इसके अतिरिक्त महतारी वंदन के 38 आवेदन लर्निंग लाइसेंस 30, आयुष्मान कार्ड 21, आधार कार्ड 27, जन्म मृत्यु के 02 आवेदन का तुरंत निराकरण कर वितरण किया गया जिसका नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति मीना वर्मा ने तत्काल निराकरण करने का आदेश देते हुए कहा कि अभी प्रदेश पर में 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर लगाया जा रहा हैं कुम्हारी पालिका में भी वार्ड वार इस आयोजन को करना सुनिश्चित किया गया हैं सभी विभागों के अधिकारियों को इस शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर लोगों के समस्याओं को पंजीबद्ध कर निराकरण करने हेतु कार्यवाही करने को कहा गया हैं इस शिविर में मुख्य रूप से महेश सिंह राजपूत एसडीएम, कुंदन शर्मा नायब तहसीलदार, नेतराम चंद्राकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी , पीआईसी सदस्यों में लोक निर्माण विभाग डिकेश पटेल, लता साहू, अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, उमेश्वरी साहू, पार्षदगण मे वार्ड पार्षद लोकेश साहू, श्रीमति ममता साहू, राकेश कुर्रे, ओंकार मार्कण्डेय, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, मिथिलेश यादव, सुजीत यादव, सूरज यादव, उमेश साहू, श्रीमति सुनीता कुर्रे, श्रीमति जूली सिंग, श्रीमति साधना स्वर्णकार, आर.आई, पटवारी, पुलिस अधिकारी सहित नगर पालिका के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिद्धांत और गिडियन ने फतह किया 13,800 फीट ऊंचा सारपास

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** हिमालय की बर्फीली वादियों और चुनौतीपूर्ण पहाड़ी रास्तों के बीच भिलाई के दो ट्रैकर्स के. एस. सिद्धांत और गिडियन सपाटे ने 'सार पास 2026' ट्रैक अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर शहर का नाम रोशन किया है। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वाईएचएआई) द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय स्तर का ट्रैकिंग कार्यक्रम 13 मई से 19 मई तक हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत पार्वती घाटी में आयोजित किया गया। इस रोमांचक अभियान में देशभर के विभिन्न राज्यों और शहरों से लगभग 47 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ट्रैक की शुरुआत सियोबाग स्थित बेस कैंप से हुई, जहां से दल ने ग्रेहान गांव, मिन-थाच, नगरू कैंपसाइट और बिस्केरी कैंपसाइट जैसे दुर्गम पड़ावों को पार करते हुए करीब 13,800 फीट की ऊंचाई पर स्थित सार पास तक का सफर तय किया।



अभियान के दौरान के. एस. सिद्धांत ने डिप्टी ट्रेक लीडर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। कठिन पहाड़ी मार्गों, बर्फीले ट्रैक और बदलते मौसम के बीच उन्होंने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करने के साथ टीम समन्वय में भी अहम भूमिका निभाई। वहीं 59 वर्षीय बीएसपी कर्मचारी गिडियन सपाटे ने अपने उत्साह, साहस और मजबूत इच्छाशक्ति से सभी को प्रभावित किया। उनकी ऊर्जा और सकारात्मकता युवा प्रतिभागियों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बनी रही। सार पास ट्रेक हिमालय के सबसे लोकप्रिय और चुनौतीपूर्ण ट्रैक्स में गिना जाता है। घने जंगल, बर्फ से ढकी ढलानें, ऊंची चढ़ाइयां और मनमोहक प्राकृतिक दृश्य इस ट्रेक को बेहद खास बनाते हैं। पूरे अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने कठिन मौसम परिस्थितियों का सामना करते हुए साहस और धैर्य का परिचय दिया।

## साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर सकल जैन समाज की बड़ी मांग, आंदोलन तेज करने का आह्वान

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** मध्यप्रदेश के रीवा मार्ग में जैन साधु-संतों के संदिग्ध परिस्थितियों में दिवंगत होने की घटना को लेकर जैन समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में जैन मिलन भिलाई के पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने सकल जैन समाज छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को मांग पत्र प्रेषित कर साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।



प्रेषित मांग पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं नगरों में मनोनीत सकल जैन समाज अध्यक्षों को स्पष्ट दिशानिर्देश दिए जाएं कि जब भी किसी मंदिर से साधु-संत बिहार के लिए प्रस्थान करें, तब समाज के लोग प्रत्येक 5 से 15 किलोमीटर की दूरी तक उनके साथ रहें, ताकि साधु-संत अकेले न रहें और उन्हें मार्ग में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञानचंद जैन ने रीवा मार्ग की घटना को सुनियोजित षड्यंत्र एवं हत्या का मामला बताते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सकल जैन समाज द्वारा किया गया शांतिपूर्ण मौन प्रदर्शन इस आंदोलन के प्रथम चरण का हिस्सा है।

उन्होंने समाज के जिम्मेदार पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि साधु-संतों के बिहार की सूचना स्थानीय पुलिस थानों को समय पर दी जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। मांग पत्र में यह भी कहा गया है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती तथा प्रशासनिक कार्यशैली में आवश्यक सुधार नहीं आता, तब तक संपूर्ण प्रदेश में जैन समाज काली पट्टी लगाकर अपने दैनिक कार्यों का संचालन करे, ताकि शासन-प्रशासन पर समाज का दबाव बना रहे। ज्ञानचंद जैन ने अंत में कहा कि सकल जैन समाज प्रशासनिक संतुष्टि प्राप्त होने के बाद ही अपने आंदोलन को समाप्त करे।

## सकल जैन समाज ने व्यक्त किया आभार

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** मध्य प्रदेश के रीवा में साध्वी माताजी के साथ हुई अत्यंत दुःखद एवं निंदनीय घटना, जिसमें एक असामाजिक तत्व द्वारा वाहन से कुचलकर भाग जाने के कारण साध्वी माताजी का देवलोक गमन हो गया, के विरोध में आज पूरे भारतवर्ष में जैन समाज द्वारा शांतिपूर्ण रूप से ज्ञापन सौंपे गए। इसी क्रम में आज प्रातः 8 बजे दुर्ग में सकल जैन समाज द्वारा जिलाधीश महोदय को गृहमंत्री, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में घटना की उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

इस अवसर पर दुर्ग नगर की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती अलका बागमार जी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने मौन जुलूस में शामिल होकर शांतिप्रिय जैन समाज की मांगों का समर्थन किया तथा घटना की कड़ी निंदा करते हुए अपने लेटर पैड पर उच्च स्तरीय जांच की मांग संबंधी पत्र भी जारी किया। कार्यक्रम में दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित दुर्ग-भिलाई के दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज के हजारों सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने शांतिपूर्ण ढंग से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए न्याय की मांग की।






## दुर्ग पुलिस ने म्यूल अकाउंट गिरोह का किया भंडाफोड़, मास्टरमाइंड सहित तीन गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने साइबर एवं आर्थिक अपराधियों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 पासबुक, 7 एटीएम कार्ड, 3 फिनो पेमेंट किट, 3 आधार कार्ड एवं 1 पैन कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, दिनांक 24 मई 2026 को सूचना मिली थी कि जगदलपुर निवासी मनोज कुमार भुतड़ा अपने साथियों के साथ म्यूल अकाउंट से संबंधित सामग्री लेकर भिलाई आया हुआ है। सूचना पर सुपेला थाना एवं एसीसीयू टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पांच रास्ता हनुमान मंदिर, सुपेला ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी मनोज कुमार भुतड़ा ने खुलासा किया कि वह वर्ष 2022 से अवैध रूप से म्यूल अकाउंट का कारोबार कर रहा था। आरोपी साधारण बैंक खातों को 15 से 20 हजार रुपये तथा करंट अकाउंट को 40 से 50 हजार रुपये में साइबर एवं आर्थिक अपराधियों को बेचता था। जांच में सामने आया कि आरोपी अब तक लगभग 200 से अधिक बैंक खाते खुलवाकर विभिन्न अपराधियों को उपलब्ध करा चुका है।



### जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्मी के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि गर्मी के दृष्टिगत जिला अस्पताल राजनांदगांव के सभी वार्डों में एसी एवं कूलर की व्यवस्था की गयी है। साथ ही अस्पताल परिसर में पर्याप्त पंखों तथा शुद्ध व शीतल पेयजल व्यवस्था की गयी है।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों तथा ओपीडी हेतु पंखे एवं कूलर की व्यवस्था की गयी है। साथ ही आवश्यकता अनुसार जीवनदीप समिति से पंखे एवं कूलर की पूर्ति की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को लू से बचाव सहित अन्य स्वास्थ्य जागरूक किये जाने हेतु अलर्ट जारी किया गया है।

## जनसमस्या निवारण शिविरों से साकार हो रहा सुशासन शिविरों से संवर रही जरूरतमंदों की राह

### संकट की घड़ी में श्रीमती शिलाबाई को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से मिली सीधी सहायता

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के सुलभ क्रियान्वयन के लिए निरंतर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासनिक तत्परता और जनसेवा की इसी कड़ी में, विगत 22 मई को जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत ग्राम बेलौदी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षी बना। ग्राम बेलौदी में आयोजित इस शिविर में पहुंची ग्राम नागपुरा की निवासी श्रीमती शिलाबाई को 'राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना' के तहत 20,000 की सहायता राशि सीधे डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से प्रदान की गई, जो उनके परिवार के लिए एक बड़ा संबल साबित हुई है। श्रीमती शिलाबाई के पति स्वर्गीय भूषण लाल के आकस्मिक निधन के बाद, पांच बच्चों (चार बेटियां और एक बेटा) के पालन-पोषण तथा उनके बेहतर भविष्य की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। सीमित आर्थिक संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के कारण उन्हें निरंतर गंभीर संघर्षों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में, जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से प्राप्त हुई यह सहायता राशि उनके लिए केवल एक वित्तीय सहयोग नहीं, बल्कि संकट के समय में प्रशासन द्वारा प्रदान किया गया एक ठोस और विश्वसनीय प्रशासनिक संबल है। इस त्वरित सहायता के लिए शासन और जिला प्रशासन के प्रति औपचारिक आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती शिलाबाई ने कहा कि 'यह योजना उनके परिवार के लिए बेहद संवेदनशील समय में बड़ी राहत लेकर आई है।'



## मनरेगा से दुर्ग जिले में 68 हजार से अधिक श्रमिकों को मिल रहा रोजगार

### 3923 निर्माण कार्यों से गांवों में बढ़ा रोजगार, जल संरक्षण और ग्रामीण विकास को मिली नई गति

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** दुर्ग जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से ग्रामीण श्रमिकों को लगातार रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिले की ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों से हजारों परिवारों को आजीविका का सहारा मिल रहा है, वहीं जल संरक्षण एवं ग्रामीण अधोसंरचना विकास को भी मजबूती मिल रही है। वर्तमान में जिले में प्रतिदिन 68 हजार 641 श्रमिक मनरेगा कार्यों में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में कुल 3923 निर्माण कार्य संचालित हैं तथा मांग के आधार पर प्रतिदिन नए श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद पंचायतवार देखें तो जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत 1048 कार्यों में 15 हजार 227 श्रमिक कार्यरत हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत 1687 कार्यों में 29 हजार 695 श्रमिक तथा जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत 1188 कार्यों में 23 हजार 719 श्रमिक रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। कुल 24 करोड़ 12 लाख 53 हजार रुपये की मजदूरी राशि जनपद पंचायतों एवं क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से भुगतान की जा चुकी है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग में 8 करोड़ 99 लाख 78 हजार रुपये, जनपद पंचायत धमधा में 6 करोड़ 69 लाख 48 हजार रुपये तथा जनपद पंचायत पाटन में 6 करोड़ 28 लाख 98 हजार रुपये की राशि संबंधित श्रमिकों के खातों में जमा की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से 2 करोड़ 14 लाख 29 हजार रुपये की मजदूरी राशि का भी भुगतान किया जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में अमृत सरोवर निर्माण, नवीन तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग टैंक (डब्ल्यूएचटी), कच्ची सिंचाई नाली निर्माण एवं अन्य मजदूरी मूलक कार्य प्राथमिकता से संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों से एक ओर ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन एवं कृषि कार्यों के लिए स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी हो रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे के निर्देशन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जॉब कार्डधारियों को लगातार रोजगार उपलब्ध कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं मैदानी अमले को श्रमिकों की मांग के अनुसार तत्काल कार्य उपलब्ध कराने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले में किसी भी श्रमिक को रोजगार के लिए भटकना न पड़े तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में पर्याप्त संख्या में कार्य संचालित रहें। प्रशासन द्वारा श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु बैंक खाते एवं आधार सत्यापन कार्य को भी प्राथमिकता से पूर्ण किया गया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

ग्राम संडी प.ह.नं.29/ब-121
वर्ष 2026-27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश पिता खेलूराम निवासी ग्राम संडी प.ह.नं.11 तहसील बेरला उपतहसील देवरबीजा के द्वारा अपनी दादी कंवरिया पति चमारू की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आपके न्यायालय मे आवेदन पेश किया है कि कांवरिया पति चामारू की मृत्यु ग्राम संडी प.ह.नं.11 में दिनांक 01/01/2016 को हुआ है।तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2025/26 विचाराधीन है।

उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/06/2026 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है।उक्त नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय ची पद मुद्रा से आज दिनांक 25/05/2026 को जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता/ग्रामवासी मोतेसरा प.ह.नं.07 तहसील साजा, जिला-बेमेतरा को सूचित किया जाता कि आवेदक नेम सिह मरकाम पिता भगवान सिह निवासी ग्राम मोतेसरा पहनं 07, तहसील साजा, जिला बेमेतरा(छ.ग.) के द्वारा अपने माता दुकाला की मृत्यु दिनांक 18/06/2018 को ग्राम मोतेसरा में हुआ था। जिसके मृत्यु संबंधी पंजीयन नहीं होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29/05/2026 तक स्वयं अथवा किसी विधिमान्य आभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से आज दिनांक 15/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला रायपुर, तहसील अभनपुर प.ह.नं.-00024 राखी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD202526441629300008

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00024 के अंतर्गत ग्राम राखी के वर्तमान भूमिस्वामी अम्बीरिका कोसले पिता/पति-प्रदीप पता-सा. उल्वा, ना.बा. झरना कोसले पिता/पति-प्रदीप कोसले बलि मां अम्बीरिका कोसले पति प्रदीप पता-, रानू डहरे पिता/पति-संतराम पता-, ना.बा. दीपांशु कोसले पिता/पति-प्रदीप कोसले बलि मां अम्बीरिका कोसले पति प्रदीप पता-, खुलेन्द्री बाई पिता/पति-संतराम पता-, ना.बा. वंदना कोसले पिता/पति-प्रदीप कोसले बलि मां अम्बीरिका कोसले पति प्रदीप पता-, जीरा हरवंश पिता/पति-संतराम पता-, श्याम बाई कोसले पिता/पति-संतराम पता- छगन बाई पिता/पति-संतराम पता-, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 428/1(0.0700), 443/1(0.0900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जीरा हरवंश पिता/पति-संतराम पता-, खुलेन्द्री बाई पिता/पति-संतराम पता- के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
तहसील-अभनपुर

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला रायपुर, तहसील अभनपुर प.ह.नं.-00024 उल्वा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD202526441640900005

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00024 के अंतर्गत ग्राम उल्वा के वर्तमान भूमिस्वामी श्याम बाई कोसले पिता/पति-संतराम पता-, ना.बा. वंदना कोसले पिता/पति-प्रदीप कोसले बलि मां अम्बीरिका कोसले पति प्रदीप पता-, खुलेन्द्री बाई पिता/पति-संतराम पता-, ना.बा. दीपांशु कोसले पिता/पति-प्रदीप कोसले बलि मां अम्बीरिका पति प्रदीप पता-, रानू डहरे पिता/पति-संतराम पता-, अम्बीरिका कोसले पिता/पति-प्रदीप पता-नि. ग्राम जीरा हरवंश पिता/पति-संतराम पता-, छगन बाई पिता/पति-संतराम पता-, ना.बा. झरना कोसले पिता/पति-प्रदीप कोसले बलि मां अम्बीरिका पति प्रदीप पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 581/1(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जीरा हरवंश पिता/पति-संतराम पता-, खुलेन्द्री बाई पिता/पति-संतराम पता- के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
तहसील-अभनपुर

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/ 2343 Korba West, dtd. 22.05.2026
(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1414/2026.

**Online tenders** are invited from experienced & prospective firms for the following Works/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100051752 | Application of Rock Wool Insulation with sheet on Boiler Ducts and Steam/ Water pipe lines of Unit No. 1 & 2 of 210 MW, BHEL Boiler of PH-I, Korba West. | 590/- | 14,435/- | 15.06.2026 |
| 2. | Rfx No. 8100051753 | Insulation of Critical area of Boiler Furnace Zone (1st Pass) of 210 MW, HTPS, KW. | 590/- | 14,949/- | 15.06.2026 |
| 3. | Rfx No. 8100051754 | Work of Fabrication & erection of Metallic Expansion Bellow Unit No. 3, HTPS, KWB. | 590/- | 11,122/- | 15.06.2026 |

NOTE: - 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website – **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** 2.Quantity as per tender schedule.3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SUPERINTENDING ENGINEER (C)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

## न्यूज ब्रीफ

### लो वोल्टेज समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लो वोल्टेज की समस्या को लेकर बिजली विभाग के जेई संजय भगत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। भीषण गर्मी को देखते हुए वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में बिजली को लेकर आए दिन लो वोल्टेज की की समस्या बना हुआ है जिसके कारण कूलर, पंखे भी ठीक से नहीं चल पा रहे है न हीं यहां पर पानी के लिए सार्वजनिक बोर चालू हो पा रहा है जिसकी वजह से भारी गर्मी में पानी की विकराल किल्लत हो रही है। मोहल्ले वासियों का घर में रहना दुभर हो गया है। इस समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद राहुल आवडे एवं वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद जितेंद्र देवनारायण ध्रुव एवं वार्डवासी जयकुमार बारले, डा. देवेंद्र कुमार साहू, सितोश कुमार जुल्फे, राजेंद्र कुमार सहित वार्ड वासी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर बिजली विभाग के संजय कुमार भगत से चर्चा कर नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। जेई संजय भगत ने आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही।

### बढ़ती महंगाई एवं बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का तेंदुकोना में विरोध-प्रदर्शन आज

**बागबाहरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण द्वारा कल दिनांक 26 मई 2026 मंगलवार को तेंदुकोना में एक दिवसीय विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, लगातार बढ़ती महंगाई, घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, खाद्य सामग्रियों की मूल्य वृद्धि तथा लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू ने बताया कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक खाद्य वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब, किसान, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवार गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र में हो रही लगातार बिजली कटौती से आमजन परेशान हैं। उन्होंने बताया कि विरोध-प्रदर्शन कल शाम 4 बजे तेंदुकोना में आयोजित होगा, जिसमें ब्लॉक कार्यकारिणी के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी, मंडल, ब्लॉक, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेसजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

## निधन



### रामखिलावन साहू

**महासमुंद।** स्थानीय शंकर नगर वार्ड एक निवासी रामखिलावन साहू 52 वर्ष का 25 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे डा. सुखलाल साहू के भतीजा, राजकुमार साहू, छोटेलाल साहू के भाई, मनीष साहू के चाचा व लोकेश साहू के पिता थे।

### दाऊलाल तिवारी

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह निवासी पंडित दाऊलाल तिवारी 82 वर्ष का 25 मई को निधन हो गया। अंतिम सस्कार गृह ग्राम साराडीह में किया गया। वे नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी के पिता थे।

# शीतला मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक ने किया निरीक्षण



**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने रविवार को नगर पंचायत तुमगांव में स्थित मां शीतला मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। परिसर में 12 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक लगाया जा रहा है। वहीं 19 लाख रुपए की लागत से डोम शेड लगाया जा रहा है। विधायक श्री सिन्हा ने उक्त कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों को भी समय समय पर कार्य का निरीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा लगातार होना चाहिए जिससे कार्य सुगमता से और गुणवत्तापूर्ण होता है। निरीक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष पप्पू पटेल, भाजपा नेता देवीचंद राठी, राजेंद्र चंद्राकर, साजन यादव, दिनेश रूपरेला, नईम खान, पंडित विकास मिश्रा, पार्षदगण राकेश धीवर, भुनेश्वर साहू, दुकालू ध्रुव, उत्तम निर्मलकर, चैनु साहू, राकेश तिवारी, द्रोणाचार्य साहू, पुष्कर यादव, कुंदन प्रजापति, माणिक सोनवानी, विष्णु धीवर, नरेंद्र साहू, विनोद गहरवाल सहित अन्य उपस्थित थें।

# नपाध्यक्ष ने नागरिकों की सुनी समस्याएं

### निराकरण के दिए निर्देश

**समवेत शिखर संवाददाता**



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने व तत्काल कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान के लिए निर्देशित भी कर रहे हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने पालिका कार्यालय में नगर वासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया। पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि नगर वासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना पालिका का प्रथम दायित्व है। संबंधित शिकायतों, मांगों का समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। श्री साहू से मुलाकात करने पालिका कार्यालय में विभिन्न मोहल्लों और वार्डो से लोग पहुंचे थे। नागरिकों ने नाली में जलभराव, स्ट्रीट लाइट की खराबी, सफाई व्यवस्था, गलियों की मरम्मत और बोर खनन, आवास, पट्टा, पेंशन संबंधी मांग सहित अनेक समस्याएं उनके समक्ष रखी। अध्यक्ष श्री साहू ने सभी नागरिकों की बातें एक.एक कर सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका कार्यालय जनता के लिए हमेशा खुला है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या के लिए सीधे कार्यालय आएं, ताकि उनकी हर छोटी.बड़ी समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के चलते कर्ज में डूबा देश: विनोद

**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान युवाओं को हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने, विदेशों से काला धन वापस लाने का वादा किया था। काला धन तो नहीं लाया लेकिन विदेशों से कर्ज लाकर भारत को दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बना दिया है। देश के 14 प्रधानमंत्रियों ने 67 साल में जितना कर्ज नहीं लिया, मोदी जी ने 11 साल में ले लिया। श्री चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत को विश्वगुरु बनाने का जुमला देकर सत्ता हासिल कर देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 2014 से पहले देश में 55 लाख करोड़ कर्ज था। मोदी सरकार के महज साढ़े 11 साल में 248 लाख करोड़ बढ़कर 303 लाख करोड़ रू पहुंच गया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, खाद.बीज संकट, पेट्रोल.डीजल संकटों का दौर चल रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि कर्ज की रकम आखिर जा कहाँ रहा है। क्या कर्ज लेकर मोदी जी अपने



व्यापारिक मित्रों का लोन माफ कर रहे हैं, भारत इस समय वर्ल्ड बैंक का सबसे बड़ा कर्जदार देश बन गया है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर 39.3 बिलियन डॉलर ;लगभग 3.3 लाख करोड़ रु का बकाया कर्ज है। इस कर्ज के साथ भारत विश्व बैंक से सबसे अधिक ऋण लेने वाले देशों की सूची में विश्व स्तर पर पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन के चलते देश का हर नागरिक कर्जदार बन गया है। जनता पर तरह.तरह के टैक्स थोपे जा रहे हैं। रोजमर्रा की महंगाई से आम नागरिक परेशान हैं। खाने.पीने के सामान, कपड़े, जूते, इलेक्ट्रॉनिक सामान, पेट्रोल.डीजल के दाम दिन.प्रतिदिन बढ़ाए जा रहे हैं। मोदी सरकार के गलत नीतियों के कारण देश महंगाई संकट से गुजरने विवश हो रहा है। पिछले 8 दिनों में 4 बार पेट्रोल.डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। आज 25 मई को पेट्रोल के मूल्य में 2.87 रुपये और डीजल के मूल्य में 2.80 रुपये की बढ़ोत्तरी कर मोदी सरकार ने बता दिया है कि आम जनों की परेशानियों से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। इससे पूर्व 15 मई को पेट्रोल 3.29 रुपए, डीजल 3.11 रुपये, 19 मई को पेट्रोल 96 पैसे, डीजल 94 पैसे, 23 मई को पेट्रोल 94 पैसे, डीजल 95 पैसे बढ़ाए गए थे। पेट्रोल.डीजल मूल्य वृद्धि से वाहनों के किराए.भाड़े में वृद्धि के साथ रोजमर्रा के सामान सब्जी, दूध, अनाज और खाद्य तेलों सहित अन्य जरूरत के सामानों के दाम भी बढ़ेंगे।

# ओड़िशा के बुजुर्ग को उसके घर भेजा गया



**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुंद।** उड़ीसा निवासी एक 81 वर्षीय बुजुर्ग मानसिक तनाव होने के कारण कई महीनों से घर के बाहर अलग.अलग शहरों में भटकते हुए पिछले दो दिनों से महासमुंद में घुम रहा था। सोमवार को भोजन की तलाश करते हुए अपना मार्केट विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अखिलेश लूनिया की दुकान पहुंच। जहां उड़िया भाषी होने के कारण उसके भाषा को न समझ पाने के कारण उड़िया भाषी बजरंग दल के कार्यकर्ता चन्दन नेताम को बुलाकर उनकी भाषा को ट्रांसलेट किया गया।

तब पता चला कि वह उड़ीसा के मधुसूदन साहू ग्राम.भेरुआमुंडा, पोस्ट पैकमल,जिला बरगढ़ ओडिशा का निवासी है और पुराना 10 वी पढ़ा लिखा संपन्न व्यक्ति है। तब साहू समाज महासमुंद के पूर्व अध्यक्ष आनंद साहू से संपर्क किया गया जिसके द्वारा उड़ीसा नुवापारा जिला साहू समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू से संपर्क कर ग्राम भेरुआमुंडा के सरपंच से संपर्क किया गया तब पता चला कि वह उसी गांव का निवासी है और संपन्न परिवार से हैं इसके बाद उसकी नाती यशोबंता साहू से संपर्क हुआ और वह 7.30 बजे पैसेंजर ट्रेन से महासमुंद पहुंचा। रात्रि 8 बजे मधुसूदन साहू को उसके नाती यशोबंता साहू के सुपूर्त किया गया। जो रात्रि 9.30 बजे लिंक एक्सप्रेस से नुवापरा उड़ीसा के लिए प्रस्थान किया। इस पूरी घटना के में प्रमुख रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष येतराम साहू,कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर,आनंद साहू, विश्व हिंदू परिषद की जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर,अखिलेश लूनिया,चंदन नेताम,रामेश्वर गोलू साहू, सुरेंद्र महाराज, लोकेश दावड़ा, कुम्भज चंद्रकार, बीरू वर्मा आदि से दादा जी को घर पहुंचने हेतु सहयोग प्राप्त हुआ।

# झीरम घाटी के शहीदों का बलिदान इतिहास का सबसे बड़ा त्याग, कांग्रेस हमेशा याद रखेगी उनकी शहादत: द्वारकाधीश

### झीरम घाटी शहीदों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में झीरम घाटी में शहीद कांग्रेस नेताओं की बरसी पर एक गरिमामयी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जनों ने देश और प्रदेश के इतिहास के सबसे क्रूर नक्सली हमले में शहीद हुए अपने शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ झीरम घाटी के अमर शहीदों शहीद नंदकुमार पटेल, शहीद विद्याचरण शुक्ल, शहीद महेंद्र कर्मा, शहीद उदय मुदलियार, शहीद योगेंद्र शर्मा सहित सभी वीर शहीदों के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ।




इसके पश्चात उपस्थित सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने कहा झीरम घाटी की घटना लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला पन्ना है। इस कायराना हमले में हमने कांग्रेस की एक पूरी पीढ़ी के शीर्ष नेतृत्व को खो दिया था। शहीदों का यह बलिदान छत्तीसगढ़ की माटी के प्रति उनके अगाध प्रेम को दर्शाता है। कांग्रेस का एक.एक कार्यकर्ता उनके बताए सिद्धांतों और जन.कल्याण के मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित है। पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा झीरम घाटी के शहीदों ने छत्तीसगढ़ की अस्मिता, न्याय और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। वे अंतिम सांस तक जनता के हक के लिए लड़ते रहे। उनका यह सर्वोच्च बलिदान हर वर्ग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। हम उनके संघर्षों को कभी भूल नहीं सकते। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा झीरम के शहीदों ने छत्तीसगढ़ में शांति और विकास की जो अलख जगाई थी, उसे हम बुझने नहीं देंगे। हमारी मातृशक्ति और समस्त कार्यकर्ता आज उनके दिखाए गए सेवा भाव को जन.जन तक ले जाने का संकल्प लेते हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा झीरम घाटी का हमला सिर्फ नेताओं पर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज पर हमला था। शहीदों के अधूरे सपनों को पूरा करना और राज्य की खुशहाली के लिए काम करना ही उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्रद्धांजलि सभा के समापन पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद जिंदाबाद और जब तक सूरज चांद रहेगा, शहीदों का नाम रहेगा के गगनभेदी नारों के साथ अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और शहीदों के विचारों को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती अन्नु चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, विजय बंजारे, समीम खान, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भरत ठाकुर, मिंदर चावला, हुलास गिरि गोस्वामी, वीरेन्द्र चंद्राकर, अमन चंद्राकर, श्रीमती ममता चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, प्रदीप चंद्राकर, कपिल साहू, हार्दिक सोना, मनोहर ठाकुर, गोपी तारक, तबरेज खान, डा एजाज नकवी, हर्षित चंद्राकर, मोती साहू, अनीश राजवानी, लीलू साहू, महेंद्र साहू, रवि साहू, राजू साहू, अनुराग चंद्राकर, खेमराज ध्रुव, गोपी पाटकर, सुरेंद्र ठाकुर, लोकेश मांझी, आशीष साहू, भानू सोनी आदि उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी को देखते हुए सफाई दीदियों के सेवा समय में परिवर्तन की मांग, सौंपा ज्ञापन

**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुंद।** नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर प्रतिनियुक्ति मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनोज खाण्डे को ज्ञापन सौंपकर सफाई दीदियों एवं सफाई मित्रों के सेवा समय में तत्काल परिवर्तन की मांग की। श्री राठी ने कहा कि वर्तमान में सफाई दीदियाँ सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वार्डों में कचरा कलेक्शन कर सेंटर में छंटाई का काम करती हैं। मानवीय दृष्टिकोण से यह उचित नहीं है। जिले में 46 डिग्री तापमान चल रहा है, नवतपा लग चुका है। दोपहर में सड़कें वीरान हो जाती हैं लेकिन सफाई दीदियाँ भीषण गर्मी में सेवा देती हैं। जनहित में इनके सेवा समय



को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाए। श्री राठी ने बताया कि ई.रिक्शा खराब होने पर सफाई दीदियाँ स्वयं अपने खर्च से मरम्मत कराती हैं जो अनुचित है। 8000 रुपये की तनख्वाह में घर चलाना होता है, उसके बाद रिक्शा बनाने का बोझ डालना गलत है। रिक्शा की मरम्मत नगरपालिका के खर्च से होनी चाहिए। केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा पूरे फंड की व्यवस्था रहती है। श्री राठी ने कहा कि शासन ने सफाई कर्मियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी व विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने सप्ताह में एक दिन अवकाश का निर्णय भी लिया है। पहले यह लाभ नहीं मिलता था। श्री राठी ने मांग की कि सेवा समय में परिवर्तन तत्काल किया जाए क्योंकि 20-25 दिन बाद मानसून आ जाएगा। केवल एक माह की बात है इसलिए शीघ्र आदेश जनहित में आवश्यक है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता हनीश बग्गा, दिनेश रूपरेला, आकाश पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# एक खाद दुकान का लाइसेंस निलंबित, कई विक्रेताओं को नोटिस

**समवेत शिखर संवाददाता**

**धमतरी।** जिले में किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर एक उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, जबकि कई निजी और सहकारी विक्रय केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग ने साफ कर दिया है कि कालाबाजारी, अधिक कीमत व अनियमित बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग की टीम



लगातार जिलेभर में निरीक्षण कर रही है। उप संचालक कृषि, उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षकों सहित विभागीय अधिकारियों ने धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी विकासखंड के कई सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स भखारा में गंभीर अनियमितता सामने आई। यहां निर्धारित मात्रा से अधिक उर्वरक बिक्री और भूमिहीन व्यक्ति को उर्वरक बेचने की पुष्टि होने पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। वहीं मेसर्स काप केयर एण्ड ट्रेडिंग झिरिया, पारस कृषि केन्द्र सोनामगर, कर्मा ट्रेडर्स सेमरा, कृष्णा फर्टिलाईजर कुरूद और राज कृषि केन्द्र नगरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

कृषि विभाग का कहना है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित केन्द्रों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। खरीफसीजन को देखते हुए जिले में उर्वरक की उपलब्धता और बिक्री व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य अनुशंसित उर्वरकों का उपयोग करें और उर्वरक खरीदते समय निर्धारित मूल्य पर ही खरीदी कर बिल अवश्य लें। उर्वरकों की गुणवत्ता, कालाबाजारी या अधिक कीमत वसूली की शिकायत नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय में तत्काल दर्ज कराने को कहा गया है।

# विधायक यादव ने उपमुख्यमंत्री साव को लिखा पत्र, 5 लाख के बजट को बताया ऊंट के मुंह में जीरा

### अतिरिक्त राशि की मांग

**समवेत शिखर संवाददाता**

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पेयजल की किल्लत गहराने लगी है। विशेषकर नगर पालिका बागबाहरा के कई वार्डों में पानी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। इस जनसमस्या को देखते हुए स्थानीय विधायक द्वारिकाधीश यादव ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव को पत्र सौंपकर बागबाहरा के लिए तत्काल अतिरिक्त विशेष फंड जारी करने की मांग की है।

विधायक श्री यादव ने उपमुख्यमंत्री को भेजे पत्र में इस बात पर गहरा असंतोष और चिंता व्यक्त की है कि बागबाहरा जैसे बड़े नगरीय निकाय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शासन द्वारा मात्र 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक श्री यादव ने कहा है कि वर्तमान में जलस्तर नीचे जाने के कारण क्षेत्र के कई पुराने बोर और हैंडपंप सूख चुके हैं। ऐसे में इतनी सीमित राशि से पूरी नगर पालिका क्षेत्र की प्यास बुझाना और संकट का स्थायी समाधान निकालना पूरी तरह नामुमकिन है। क्षेत्र की जनता को राहत पहुंचाने के लिए विधायक श्री यादव ने प्रभावित और जलसंकट वाले वार्डों में तुरंत नए नलकूप (बोर) खनन की अनुमति और बजट दिया जाए, जिन इलाकों में पाइपलाइन का विस्तार नहीं है या पानी का दबाव कम है, वहां



आपातकालीन स्थिति में टैंकरों के जरिए जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय व नगरीय प्रशासन विभाग के उच्च अधिकारियों को इसके लिए राशि आवंटन के संबंध में त्वरित और कड़े दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

**खल्लारी के गांवों में टैंकरों से आपूर्ति की मांग**

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा को एक पत्र भेजा है। जिसमें विधायक श्री यादव ने उपमुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि खल्लारी विधानसभा के जिन गांवों में पेयजल का संकट सबसे अधिक है, वहां तुरंत पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में तत्काल उचित और कड़े निर्देश प्रदान करने का अनुरोध किया है ताकि ग्रामीणों को जल्द राहत मिल सके।

**अघोषित बिजली कटौती बंद की जाय**

विधायक श्री यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट को देखते हुए नगरीय निकायों में अघोषित बिजली कटौती तुरंत बंद की जाए। बिजली कटने से पानी की टंकियां नहीं भर पा रही हैं, जिससे आम जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि जलापूर्ति के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को पानी के संकट से राहत मिल सके।

# परीक्षा परिणाम पर अंकित ने उठाए सवाल

### बीकॉम द्वितीय वर्ष में महज 14.65 प्रतिशत परिणाम 826 में 624 छात्र फेल

**समवेत शिखर संवाददाता**

**महासमुंद/बागबाहरा।** बीकॉम द्वितीय वर्ष के हालिया परीक्षा परिणाम ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जारी परिणाम के अनुसार कुल 826 परीक्षार्थियों में से केवल 122 छात्र.छात्राएं ही उत्तीर्ण हो पाए, जबकि 81 को पूरक मिला और 624 विद्यार्थी असफल हो गए। इस प्रकार कुल परिणाम महज 14.65 प्रतिशत रहा। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए अंकित बागबाहरा ने इसे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के जल्दबाजी में लागू किए जाने का दुष्परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त चर्चा, तैयारी और प्रयोग के लागू की गई नीतियों का असर अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगा है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024.25 से स्नातक प्रथम वर्ष में



.2020 को पूर्ण रूप से लागू किया है। इसके तहत पारंपरिक वार्षिक परीक्षा प्रणाली को हटाकर सेमेस्टर सिस्टम और चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू किया गया है। साथ ही ब्लेंडेड लर्निंग और डिजिटल परीक्षा प्रणाली का ट्रायल शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय;साइंस कॉलेज और छत्तीसगढ़ कॉलेज में किया गया था। अंकित ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद ऐसे कुलपतियों की नियुक्ति की गई है, जिनका शिक्षा से कोई विशेष सरोकार नहीं है और वे केवल राजनीतिक प्रभाव के आधार पर पदों पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा है। विश्वविद्यालय के अंतर्गत वर्तमान में रायपुर, बलौदाबाजार,भाटापारा, धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद जिलों में कुल 124 संबद्ध महाविद्यालय संचालित हैं, जिनमें 40 शासकीय और 84 निजी कॉलेज शामिल हैं। अंकित ने केंद्र और राज्य सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने, महंगाई बढ़ाने और रोजगार के अवसर घटाने के आरोप भी लगाए। उनका कहना है कि जब तक वर्तमान सरकार सत्ता में रहेगी, तब तक इस प्रकार के दुष्परिणाम सामने आते रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मोहभट्ठा में सीसी रोड निर्माण कार्य का दीप्ती वर्मा ने किया भूमिपूजन



**भाटापारा।** ग्राम मोहभट्ठा में दस लाख रुपये की लागत से बनने वाले सी सी रोड निर्माण कार्य का जिला पंचायत सभापति दीप्ती गोविंद वर्मा द्वारा भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के नीति और रीति सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर एक कार्यकर्ता की भांति क्षेत्र के विकास में जनता के एक सेवक के रूप में कार्य कर रही हुं। क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के निर्देशन एवं केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के सहयोग से गांव के विकास आवागमन के साधन सुचारू रूप से संचालित हो सके साथ ही अन्य गांवों में भी विकास के कार्य योजना बनाई जा रही है जल्द ही क्षेत्र के सभी गांवों में विकास की गति को गतिमान किया जाएगा । उक्त अवसर पर झग्गर पाल , महेंद्र कुमार, वर्मा , सूर्या टंडन , नारद वर्मा ,पुरोहित रोहित तिवारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### किशोर साहू को मिला डॉक्टर की उपाधि

**भाटापारा।** तरेंगा का लाल किशोर साहू पिता गोपेश कुमार साहू ने साढ़े पांच वर्षो के अथक परिश्रम पश्चात एम.



बी. बी. एस. की उपाधि मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव से प्राप्त की है। इस उपलब्धि से ग्राम तरेंगा के सम्पूर्ण नागरिक हर्षित एवं गौवरान्वित महसूस कर रहे है। ज्ञात हो कि किशोर साहू ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षा तरेंगा के शाला एवं माध्यमिक शिक्षा मयूर शिशु मंदिर भाटापारा से प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है।

### सामानों की कीमत बढ़ने के साथ ही नकली सामान की बाजार में बाढ़

**भाटापारा।** वैश्विक स्थिति को देखते हुए पेट्रोल से लेकर तेल तक सामानों की कीमतों में वृद्धि हुई है । रोजमर्रा की चीजो में लगभग 3 से 10 प्रतिशत की कीमत बढ़ी है इसी के साथ ही नकली सामान का बाजार में प्रवेश हो चुका है । दुकानदार बढ़ी कीमतो के साथ असहज महसुस कर रहे है । वही कु छ दुकानदार नकली सामानों को पुराने दर पर खपाने के लिए लगे हुए है।

### भीषण गर्मी नवतपा प्रारंभ के चलते सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**भाटापारा।** इन दिनो भीषण गर्मी से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। तापमान लगातार बढ़कर



42 से 44 डिग्री तक पहुंच गया है जिसके चलते दोपहर के समय सड़को और बाजारो में सन्नाटा पसरने लगा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घर के बाहर निकल रहे है जिससे व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहे है गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगो को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है इसलिए लोगो को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है लोग गर्मी से बचने के लिए सर को ढक्कर छाता या गमछे का उपयोग कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग की तरफसे कहा गया है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने ठंडे पेय पदार्थ का सेवन करने और शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह दी गई है, साथ ही यह भी कहा गया है कि तले भूने एवं अधिक मसालेदार भोजन से परहेज करे। बच्चो और बुजुर्गो को इस मौसम में अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई गई है। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर अत्याधिक कमजोरी उल्टी या डिहाइड्रेशन जैसे लक्षण महसूस हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे संपर्क करे हालाकि शासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगो से सहयोग की अपील की जा रही है।

### अपने चखना ठेला में शराब पीने वालो को शराब पीने की सूविधा मुहैया करते एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

**भाटापारा।** मुखबिर की सूचना पर शहर पुलिस द्वारा अपने चखना ठेला में शराब पीने वाले लोगो को शराब पीने सुविधा मुहिया कराते एक व्यक्ति को पकड़कर कार्यवाही की हैं। सोमवार सुबह 9 बजे पुलिस ने बताया उक्त व्यक्ति अश्वनी आडिल को पकड़कर उसके खिलाफ धारा 36 ए आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# महापौर ने नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

## रामकुमार सिन्हा के घर से आंगनबाड़ी तक बनेगी नाली, वार्डवासियों को मिलेगी जलभराव एवं गंदगी से राहत

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** नगर पालिक निगम धमतरी अंतर्गत सोरिद वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 11.64 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य रामकुमार सिन्हा के घर से आंगनबाड़ी तक कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी एवं वार्डवासियों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि महापौर श्री जगदीश रामू रोहरा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकनिर्माण विभाग के सभापति श्री विजय मोटवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बरसात के दिनों में जलभराव, कीचड़ एवं गंदगी की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाया जा सके।

सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने कहा कि वार्डवासियों की मांग एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से वार्डों में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार जारी है। जनता की समस्याओं का समाधान करना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि श्री विजय मोटवानी ने कहा कि शहर के विकास में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होता है और क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो पाता है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर,पार्षद हेमंत बंजारे, कुलेश सोनी,आशा नंदू लोधी, पूर्व पार्षद रामखिलावन कंवर उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों ने क्षेत्र में विकास कार्य प्रारंभ होने पर खुशी व्यक्त की तथा नगर निगम के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण रहा।

# भीषण गर्मी का कहर, नौतपा के पहले दिन ही जनजीवन बेहाल



समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** नौतपा की शुरुआत होते ही खरोरा में गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सोमवार को तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया, जिससे दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आईं। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हो गए।

स्थिति इतनी गंभीर रही कि रात 9 बजे तक गर्म हवाएं चलती रहीं। दिनभर तपिश के बाद रात में भी लोगों को राहत नहीं मिली। बाजारों और चौक-चौराहों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दी। दोपहर के समय सबसे अधिक असर मजदूरों, राहगीरों और बाहर काम करने वाले लोगों पर पड़ा। तेज लू के चलते कई लोग सिर ढंककर और पानी की बोतल साथ लेकर निकलते दिखे। डॉक्टरों ने लोगों को जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलने और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी है।

नौटप्पा के पहले दिन ही बढ़ी गर्मी ने लोगों की हालत खराब कर दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# कलेक्टर की नेक मंशा की उड़ रही हैं धज्जियां

## नलकूप खनन में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा है खनन कार्य

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** भीषण गर्मी के साथ भी पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने नये नलकुप खनन पर जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक नलकुप खनन पर प्रतिबंध लगाने आदेश जिला के सभी क्षेत्रों में दिया गया है ।

बावजुद इसके क्षेत्र में धड़ल्ले से बोरवेल की बड़ी गाड़िया नलकुप खनन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की यह मंशा थी की पेयजल संकट में और नलकुप खनन न हो जिससे जल संकट से निपटा जा सके। उद्देश्य यह था कि नलकुप खनन के प्रतिबंध से एक सकारात्मक परिणाम दिखाई दे और यह कलेक्टर की दुरदर्शी सोच थी जिसे जनभागीदारी के समन्वय से जिले में जल संचयन और संवर्धन के क्षेत्र में आगे कोई तकलीफ ना आये। इसके साथ ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने इसे जन पहल बनाते हुए मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत एक महत्वकांक्षी अभियान जिले के 722 गांव में तथा 9 नगरीय क्षेत्रों में प्रारंभ कराया गया । इस अभियान के तहत बोरवेल रिचार्ज ,रैन वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब गहरीकरण जैसे कार्य को प्राथमिकता दी गई। इसी परिपेक्ष्य में जिला कार्यालय द्वारा नलकुप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया लेकिन इस प्रतिबंध का असर क्षेत्र में कही भी नजर नही आ रहा । खुलेआम बड़ी बड़ी गाड़िया नलकुप खनन करते हुए नजर आ जायेगा। कई लोगो का यह भी आरोप है की नलकुप खनन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कुछ राशि प्रदान कर नलकुप खनन के लिए अनुमति प्राप्त कर नलकुप खनन कराया जा रहा है हांलाकि इसकी पुष्टि नवभारत नही करता लेकिन यह तय है कि इसके पीछे एक खेल जारी है जिसमें नलकुप खनन मशीने धड़ल्ले के साथ बिना प्रशासन के डर के खुदाई कार्य कर रहे है जिसपर प्रशासन को संज्ञान लिये जाने की जरूरत है।

# झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेसियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## देवभोग विश्राम गृह में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में गूंजे शहीदों के बलिदान के स्वर

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवभोग द्वारा आज स्थानीय विश्राम गृह में झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उनके बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि झीरम घाटी की घटना छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश की राजनीति और लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय है। इस नृशंस हमले में प्रदेश कांग्रेस के कई बड़े नेताओं सहित सुरक्षाबलों के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी।उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।शहीदों ने लोकतंत्र और जनसेवा की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए थे। आज भी उनके संघर्ष, त्याग और जनता के प्रति समर्पण की भावना कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देती है।श्रद्धांजलि सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर शहीदों के सपनों को पूरा करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

सभा में नेताओं ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों की याद हमेशा प्रदेशवासियों के दिलों में जीवित रहेगी। उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां भी सम्मान के साथ याद करेंगी। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भावुक रहा और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ÷शहीद अमर रहें÷ के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भुपेंद्र मांझी,महेश्वर बघेल, सोदर कश्यप,अनामो बघेल अध्यक्ष किसान कांग्रेस कुंजल राम यादव उमेश डोंगरे प्रदेश सचिव युंका निराकार डोंगरे विधानसभा उपाध्यक्ष तरूण नागेश प्रदेश प्रवक्ता भोले मांझी युवा कांग्रेस नरेन्द्र नागेश भीखराम बीसी के साथ पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेस भवन में दी गई श्रद्धांजलि

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** झीरम घाटी मे 13 वर्ष पूर्व नक्सलियो द्वारा किये गए नरसंहार मे शहीद कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शहीद नंदकुमार पटेल , शहीद विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर, शहीद महेन्द्र कर्मा , शहीद उदय मुदलियार ,शहीद दिनेश पटेल ,शहीद योगेंद्र शर्मा सहित समस्त शहीदों को कांग्रेस भवन मे श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गयी । इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में हमारे कांग्रेस के नेताओं की हत्या लोकतंत्र की आत्मा पर आघात था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विधायक साव ने कहा लोकतंत्र एवं जनसेवा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों का त्याग और बलिदान सदैव याद रखा जाएगा।

साव ने कहा कि 25 मई का वो दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे काला दिन था। झीरम घाटी में हुआ नक्सली हमला राज्य की राजनीति और लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा हमला था। इस हमले में हमारे कई अनुभवी राजनेता और सुरक्षाबल के जवान वीरगति को प्राप्त हुए।

उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हमें नक्सलवाद के खिलाफ सामाजिक एकजुटता और जनचेतना से संघर्ष करना होगा। वही बड़े दुर्भाग्य की बात है इतने बड़े हमले के बाद भी प्रदेश सरकार ने इसके जिम्मेवार नक्सलियों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं कर पाई है। उन्होंने सभी शहीद नेताओं एवं जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी कांग्रेसजनों से उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने शहीद नेताओं और वीर शहीद सुरक्षाकर्मियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि दी । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने कहा यह दिन छत्तीसगढ़ कांग्रेस परिवार के लिए अत्यंत दुःखद एवं भावुक स्मृति का दिवस है, कांग्रेस जन इसे शहादत दिवस के रूप में मना रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील शर्मा ,गणेश सिंह ध्रुव ,आलोक मिश्रा, राजकुमार शर्मा, चंद्र शेखर चक्रधारी, धनंजय तिवारी ,ठाकुर राम साहू,मुकेश साहू ,संजय बघेल, शैलेन्द्र अहिरवार,सचिन्द शर्मा,नवीन बख्श, शेष नारायण यदु,ओमप्रकाश यदु,पुनीत मानिकपुरी, मनमोहन कुर्रे,शशांक बंजारे ,विजय महिलांगे ,रामरतन डांडेकर, कुंजू साहू ,रवि कुमार यादव ,गिरिराज चावड़ा ,लाला जैन सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# वार्ड 11-12 का नगर पंचायत खरोरा में निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था और आवास योजना की हुई समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 और 12 में आम जनता को मिल रही मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ), नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय वार्ड पार्षद पूर्णेंद्र पाध्यायउपस्थित रहे। अधिकारियों ने वार्डों का जमीनी दौरा कर जनसमस्याओं और विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान वार्डों में जलभराव और गंदगी की स्थिति का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने वार्ड में स्थित तालाबों और नालियों की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कर्मचारियों को नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित मकानों का भी सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने हितग्राहियों के घर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी ली। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल सोनी ने कहा कि जिन पात्र परिवारों का नाम अब तक योजना में शामिल नहीं हो पाया है, उन्हें त्वरित रूप से चिन्हित कर लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने पार्षदों के माध्यम से वंचित नागरिकों की सूची तैयार करने पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्येक नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचे।

### 9 एवं 7 वर्षीय नाबालिग के साथ किया छेड़छाड़ आरोपी को 5- 5वर्ष का सश्रम कारावास

**भाटापारा।** ग्राम सिनोधा निवासी आरोपी देवेंद्र वर्मा को दो नाबालिग लड़कियों के लज्जा भंग करने के आशय से छेड़छाड़ के अपराध में अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने 5 वर्ष दो बार का सश्रम कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक संजय बाजपेयी ने इस प्रकरण के बारे मे बताया की पीड़ित की मां द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण मे उपस्थित होकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 22-05-25 को शाम 5.00 बजे उसकी नाबालिग पुत्री जिसकी उम्र 9 साल है वह घर आकर बताई कि वह और दूसरी पीड़ित जिसकी उम्र 7 वर्ष है वह दोनों खेल रहे थे तभी मामा देवेंद्र वर्मा उन्हें पैसा दिया और राजश्री लाकर देना मै घर में रहूंगा बोला। जब वे दोनों पीड़ित राजश्री लेकर दिये तो , तभी आरोपी मामा घर के सांकल को बंद कर दिया और खाट को बिछाकर पीड़ितों के कपड़े और अपने कपड़े को निकाल दिया। और दोनों नाबालिग को उनके शरीर के सभी जगह को छूने लगा और उनके गुप्तांग को भी छुआ।

# अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों, शराब, जुआ एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध सघन एवं निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क पर लगातार प्रभावी प्रहार किया जा रहा है।

विशेष रूप से बोरई, कुन्दई (जिला नवरंगपुर, ओडिशा) एवं विश्रामपुरी (जिला कोंडागांव) ट्राई-जंक्शन क्षेत्र में रणनीतिक रूप से चेक पोस्ट स्थापित कर चौकस निगरानी एवं सघन वाहन चेकिंग की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक धमतरी द्वारा स्वयं नाकों का निरीक्षण कर अधिकारी-कर्मचारियों को प्रत्येक संदिग्ध वाहन की सूक्ष्म जांच करने, तस्करी के नए तरीकों पर सतर्क रहने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसी सतत मॉनिटरिंग एवं प्रभावी पुलिसिंग का परिणाम है कि धमतरी पुलिस लगातार गांजा तस्करों पर बड़ी कार्यवाही कर रही है।

इसी क्रम में दिनांक 24.05.2026 को थाना सिहावा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर क्रमांक RJ-20-BD-3334 में अवैध रूप से गांजा भरकर देवभोग-मेचका मार्ग से सांकरा होते हुए राजस्थान ले जाने वाला है। सूचना पर थाना सिहावा पुलिस द्वारा फॉरेस्ट नाका सांकरा में घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोंटू शर्मा पिता रामेश्वर शर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी मुंशीराम कॉलोनी, मुखर्जी नगर, उत्तर पश्चिम दिल्ली होना बताया। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से स्काई ब्लू रंग के पिट्ठू बैग में रखे 02 पैकेट एवं एक प्लास्टिक पॉलिथीन से कुल 07 किलो 724 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपी गांजा परिवहन एवं बिक्री संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जुमला कीमती लगभग 4,35,000/- रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सिहावा में अपराध क्रमांक 41/2026 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

लगभग 20 दिन पूर्व सिहावा पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सांकरा चेक पोस्ट पर कार्यवाही करते हुए ओडिशा से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 127.09 किलोग्राम गांजा सहित वाहन, मोबाइल एवं नगदी सहित लगभग 72.71 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की गई थी।

इसके बाद सांकरा चेक पोस्ट पर ही एक डस्टर वाहन से 54.970 किलोग्राम गांजा एवं वाहन सहित कुल 33.53 लाख रुपये की संपत्ति जप्त कर तस्करों के नेटवर्क पर बड़ी चोट पहुंचाई गई। इसके अगले ही दिन वाहन क्रमांक MH 30 AZ 4746 की तलाशी के दौरान डिक्की में छिपाकर रखे गए 44 पैकेटों से 37.800 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 18.90 लाख रुपये थी।

### आग उगलती सूरज की किरणों से जन जीवन अस्त-व्यस्त



**निपनिया।** मई माह की प्रचंड आग उगलती सूरज की किरणें व गर्म हवाओं के थपेड़े से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है, लोग जिन्हें बहुत ही जरुरी काम है वही निकल रहे लोग घरों में रह कर इस प्रचंड झूलसा देने वाली धूप से अपना बचाव कर रहे है।सुबह 10 बजे के बाद रेल्वेस्टेशन व बस स्टैंड ,रोड सुनसान पड़ जाता है। पेड़ों पर चिड़िया भी नजर नहीं आती है। नवतपा भी 9 दिन अपना रौद्र रुप दिखाएगा जब पारा 45 डिग्री के पार चला जाएगा।

# शीतला तालाब स्थित बजरंगबली मूर्ति में तोड़फोड़, ग्रामीणों में आक्रोश

## विहिप ने की सख्त कार्रवाई की मांग, 17 जून को होगी नई मूर्ति स्थापना

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेन्डरी-जामगांव में धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। गांव के शीतला तालाब परिसर में स्थापित बजरंगबली की टाइल्स युक्त मूर्ति को बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है, हालांकि स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर के पास शराब पीने एवं पत्थरों से मूर्ति तोड़ने के निशान मिले हैं। घटना की सूचना मिलते ही विहिप जिला संयोजक मोहित साहू एवं फिंगेश्वर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

विहिप जिला संयोजक मोहित साहू ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं रविवार को ग्राम समिति अध्यक्ष भेखलाल साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें गांव के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली गई। बैठक में किसी ग्रामीण के इस घटना में शामिल होने की बात सामने नहीं आई। ग्रामीणों द्वारा आज फिंगेश्वर थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। बताया गया कि गांव में शराब पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा शराब पीकर उपद्रव करने और धार्मिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों पर 2100 रुपये जुर्माने का प्रावधान भी लागू है।

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि लगभग एक सप्ताह पहले गांव में घूम रहे एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति का इस घटना से संबंध हो सकता है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि आगामी 17 जून को शुभ मुहूर्त में नई बजरंगबली मूर्ति की स्थापना की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मारुति ब्लॉक मानस संघ ने 12वीं-10वीं में टॉपर छात्राओं को किया सम्मानित




**गरियाबंद।** रविवार को आयोजित ब्लॉक मानस संघ गरियाबंद के द्वारा क्षेत्र के दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें बाहरवीं में कु.विद्या रानी साहू पिता स्वःसुरेश साहू रावणसिंघी 12 वी में 96त्न प्राप्त किए इनके बहन कु. युक्ति रानी साहू 10 वी में 94 प्रतिशत लाने पर सम्मानित किए गए सम्मानित होने वाले में मारुति ब्लॉक मानस संघ अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा की सुपुत्री कु.लक्ष्मी सिन्हा 12 वी में 91त्न लाने पर श्री रामचरित मानस ग्रंथ मेडल प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया।यह सम्मान मम राजिव लोचन जिला मानस संघ जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर के द्वारा एक पहल किया गया है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर,ब्लॉक अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा,उपाध्यक्ष गंगा नायक, संरक्षक गंगा मोगरे,युधिष्ठिर दीवान,हुमन निषाद,सालिक निषाद, नवेंद्र राज साहू,दुर्गेश तिवारी, छत्रेश सेन चंद्रहास सिन्हा लखन कलार ब्लॉक कोषाध्यक्ष सावन ध्रुव सचिव यशवंत भेड़िया डूमश्वर विश्वकर्मा,रोहित पटेल,रामेश्वर गंधर्व मानस प्रचार मंत्री महेंद्र साहू उमेश देवांशी नोखेलाल सिन्हा, महिला प्रकोष्ठ से श्रीमति पुष्पांजलि सिन्हा श्रीमति तरुणा पांडेय कु. दिव्या सिन्हा कु. शिवांगी सिन्हा शामिल थे।

### भीषण गर्मी के बीच बारिश का अलर्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच मौसम में बदलाव का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में रात 11:35 बजे तक गरज-चमक, तेज हवाओं और बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा, जशपुर, सरगुजा और बलरामपुर में 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ हल्की गरज-चमक और बारिश हो सकती है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### नौतपा के पहले दिन रिकॉर्ड गर्मी

**भोपाल।** नौतपा की शुरुआत के साथ ही मध्य प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में आ गया। सोमवार को खजुराहो में रिकॉर्ड 47.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कई शहरों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि प्रदेश के 44 जिलों में हीटवेव का असर रहा। 5 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। भीषण गर्मी के बीच भोपाल और दमोह में दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी भी हुई। वहीं, मैहर में गर्मी के कारण उल्टी-दस्त और लू से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, अगले तीन दिन तक प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का असर बना रहेगा।

# मानसून पूर्व तैयारियां तेज, मुख्य सचिव ने ली बाढ़ नियंत्रण हाई पावर कमेटी की बैठक

» मानसून पूर्व तैयारियां तेज
» 1 जून से कलेक्टर्स देंगे प्रतिदिन रिपोर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों और बड़े जलाशयों पर रखी जाएगी चौबीसों घंटे नजर

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।**आगामी मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। राहत शिविरों के प्रबंधन से लेकर आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी आवश्यक पहलुओं पर व्यापक रणनीति तैयार की गई। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय (महानदी भवन) में राज्य स्तरीय उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

### कलेक्टर्स को कड़े निर्देश- 1 जून से शुरू होगी दैनिक मॉनिटरिंग

मुख्य सचिव ने राज्य के सभी जिला कलेक्टर्स एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्षों को मानसून 2026 के मद्देनजर सुरक्षा और राहत व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। सभी कलेक्टर्स को आगामी 1 जून से प्रतिदिन वर्षा की स्थिति और उससे होने वाली संभावित क्षति की जानकारी अनिवार्य रूप से शासन को भेजनी होगी। प्रत्येक जिले में बाढ़ नियंत्रण के लिए विशेष नोडल अधिकारियों की नियुक्ति तत्काल पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### राज्य और जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में जून माह में मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। आपदा के समय त्वरित सहायता और समन्वय के लिए राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) क्रियाशील कर दिया गया है। महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र (स्टेट कंट्रोल रूम) राज्य स्तर पर दूरभाष क्रमांक 0771-2223471, 0771-2221242 ओर फैक्स क्रमांक 0771-2223472 इसके साथ ही सभी जिला मुख्यालयों में भी जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा चुके हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने बाढ़ और अतिवृष्टि की स्थिति में जनहानि को शून्य रखने के लिए विभागों को उनकी जिम्मेदारी दी है।

### खाद्य, स्वास्थ्य एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

पहुंचविहीन और संवेदनशील क्षेत्रों में राशन, नमक, केरोसिन और जीवन रक्षक दवाओं का अग्रिम भंडारण अभी से सुनिश्चित किया जाए। बाढ़ संभावित क्षेत्रों के लिए विशेष चिकित्सा दलों का गठन किया जाए। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने और ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जल संसाधन, नगर सेना और नागरिक सुरक्षा

हर साल बाढ़ से प्रभावित होने वाले निचले इलाकों की पहचान कर वहां चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाए। बाढ़ से बचाव के उपकरणों और मोटरबोट्स की तत्काल मरम्मत करा ली जाए। नगर सेना और नागरिक सुरक्षा अमले को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। बड़े बांधों का जलस्तर बढ़ने पर जल निकासी (पानी छोड़ने) से कम से कम 12 घंटे पहले निचले जिलों और सीमावर्ती राज्यों को अलर्ट जारी करना अनिवार्य होगा।

### लोक निर्माण, वन और नगरीय प्रशासन विभाग

प्रदेश के जर्जर व कमजोर हो चुके पुल-पुलियों, रपटों और सरकारी इमारतों की पहचान कर तत्काल मरम्मत कराई जाए। दुर्घटनाजन्य स्थलों पर बैरियर और सूचना पटल लगाए जाएं। बाढ़ प्रभावितों के मकान क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में वन विभाग नजदीकी डिपो में बांस-बल्ली का पर्याप्त भंडारण रखे। नगरीय निकायों को मानसून के दौरान शहरों की सभी छोटी-बड़ी नालियों की निरंतर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जलभराव की स्थिति न बने।

### कृषि विभाग और मौसम केंद्र

मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी भारी वर्षा की चेतावनियों को समय पर जिला कंट्रोल रूम और आम जनता तक पहुँचाया जाए। किसानों को मोबाइल ऐप्स के माध्यम से मौसम का पूर्वानुमान भेजा जाए। बाढ़ से फसलों को होने वाले नुकसान का सर्वे राजस्व, कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से करेंगे और त्वरित रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे।

### जर्जर भवनों और आपदा प्रबंधन ऐप्स पर विशेष जोर

मुख्य सचिव ने नगरीय क्षेत्रों में स्थित जर्जर और खतरनाक भवनों की लगातार निगरानी करने तथा वहां रहने वाले लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। नागरिकों की सुरक्षा के लिए विभिन्न आपदा प्रबंधन और मौसम पूर्वानुमान मोबाइल ऐप्स का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। उच्च स्तरीय बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव सुश्री आर. शंगीता, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री सारांश मित्तर, वित्त विभाग की विशेष सचिव श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा सहित गृह, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, खाद्य, जनसम्पर्क, रेलवे, दूरदर्शन, रेडक्रॉस सोसाइटी और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 10 करोड़ का तेंदूपत्ता जलकर राख

समवेत शिखर संवाददाता



**बीजापुर।** जिले में सोमवार दोपहर निजी तेंदूपत्ता गोदाम में भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। वहां रखे लगभग 18 हजार बोरे जलकर खाक हो गए। शुरुआती अनुमान के मुताबिक 10 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग इतनी भीषण थी कि हालात को देखते हुए वन विभाग, पुलिस और नगर पालिका की टीम के अलावा CRPF के जवान भी मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गई।

वन विभाग ने तेंदूपत्ता स्टोरेज के लिए गोदाम को किराए पर लिया था। जहां 10 दिनों में तेंदूपत्ता के 18 हजार बोरे स्टोर किए गए थे। फिलहाल, आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ईटपाल इलाके की है।

# थाना में करोड़ों रुपए के जब्त वाहन सड़ रहे, देखरेख का कोई इंतजाम नहीं

## बाइक से लेकर पिकअप, कार, मार्शल तक धूप-बारिश में खराब, कई वाहन लावारिस घोषित, मालिक नहीं ले रहे सुध

समवेत शिखर संवाददाता



**छुरा।** गरियाबंद जिले के छुरा थाना परिसर में विभिन्न प्रकरणों में जप्त किए गए करोड़ों रुपए के वाहन खुले आसमान के नीचे सड़ने के कगार पर पहुंच गए हैं। बिना किसी शेड या सुरक्षा के थाना भवन के पीछे पड़े मोटरसाइकिल, टाटा सूमो, मेटाडोर, पिकअप, कार, मार्शल, छोटा हाथी समेत अन्य वाहन लंबे समय से धूप और बारिश झेल रहे हैं।

**नियमः जिस हाल में जब्त, उसी हाल में लौटाना**

विभागीय नियमों के अनुसार जप्त माल की सुरक्षा एवं हिफाजत का दायित्व जप्त करने वाले विभाग का होता है। जिस स्थिति में वाहन जप्त किया गया था, उसी स्थिति में वाहन मालिक को वापस करना विभाग की जिम्मेदारी है। मगर खुले में पड़े रहने के कारण बड़ी संख्या में वाहनों की स्थिति खराब हो चुकी है।

**कई लावारिस, कई के मालिक लापता**

थाना सूत्रों के अनुसार परिसर में पड़े कई वाहन लावारिस घोषित कर दिए गए हैं। कुछ वाहनों के स्वामी का पता नहीं है और अब तक उनके लिए कोई आवेदन भी नहीं आया है। जिन मामलों में आवेदन आए हैं, उनमें कार्रवाई लंबित है। नियमानुसार वाहन स्वामी को न्यायालय से आदेश करवाकर थाना से अपना जप्त वाहन सुपुर्दगी में ले जाना होता है।

**कबाड़ होने की कगार पर**

विभिन्न अपराधों के तहत जप्त किए गए इन वाहनों को आखिर मालिक क्यों नहीं ले जा रहे, यह समझ से परे है। यदि समय रहते वाहन मालिकों द्वारा इन्हें नहीं ले जाया गया तो इनके कबाड़ में तब्दील होने की संभावना है। टायर पंचर, बॉडी में जंग, इंजन सीज - हालत बद से बदतर होती जा रही है।

**नगर निरीक्षक टीकाराम ध्रुव**

इस बारे में कहना है कि अभी-अभी चार्ज लिया हूं यदि इस संबंध में आवेदन आया होगा तो न्यायालय से संपर्क होने के बाद ही वाहन सुपुर्द की जाएगी

# स्थानीय आम/उप निर्वाचन: नगरीय निकायों में 240 एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों में 392 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

## मतदान की तैयारियां पूर्ण

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में चल रहे नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्रों की जांच, संवीक्षा एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी विस्तृत आंकड़ों के अनुसार नगरीय निकायों में कुल 240 तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों में कुल 392 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में उतरेंगे।

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत पंच पद के लिए कुल 1136 पद निर्धारित थे, जिनमें 385 पदों पर कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ तथा 4 पदों पर नामांकन निरस्त किए गए। 640 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है, जबकि शेष 107 पदों पर मतदान कराया जाएगा, जिनके लिए कुल 246 उम्मीदवार मैदान में हैं। सरपंच पद के लिए कुल 82 पदों में से 30 पदों पर नामांकन प्राप्त नहीं हुए तथा 3 नामांकन निरस्त हुए। 15 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है और शेष 34 पदों पर मतदान होगा, जहां कुल 105 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार जनपद सदस्य के 10 पदों पर सभी स्थानों पर सविरोध निर्वाचन होगा तथा इन पदों के लिए कुल 41 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।



नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत पार्षद पद के कुल 71 स्थानों पर मतदान कराया जाएगा। इन पदों के लिए कुल 221 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। अध्यक्ष पद के 5 स्थानों पर भी निर्वाचन होगा, जिनके लिए कुल 19 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। इन पदों पर न तो कोई नामांकन निरस्त हुआ और न ही कोई निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों के चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (श्वङ्करू) के माध्यम से तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों के चुनाव मतपेटी (बैलेट बॉक्स) के माध्यम से संपन्न कराए जाएंगे। मतदान मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (स्नरुष्ट) 29 मई 2026 से प्रारंभ की जाएगी, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सविरोध निर्वाचन वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदान केंद्रों की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। आयोग ने मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश जारी किए हैं।

# खाद संकट पर उबल पड़ा किसानों का गुस्सा

## छह गांवों के किसानों की महाबैठक, पर्याप्त खाद नहीं मिलने पर चक्का जाम की चेतावनी

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले ही खाद संकट को लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने से परेशान छह गांवों के किसानों ने एकजुट होकर बैठक आयोजित की और शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया। बैठक में किसानों ने साफकहा कि यदि समय रहते खाद की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में किसानों ने बताया कि पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी प्रति एकड़ खेती के हिसाब से पर्याप्त खाद उपलब्ध कराया जाना चाहिए।किसानों की मांग है कि प्रत्येक एकड़ के लिए 3 बोरी यूरिया, 2 बोरी डीएपी, 2 बोरी सुपर फॉस्फेट तथा 1 बोरी पोटाश उपलब्ध कराया जाए,ताकि खेती-किसानी सुचारू रूप से हो सके और उत्पादन प्रभावित न हो।किसानों का आरोप है कि वर्तमान में सहकारी समितियों से किसानों को केवल 25 किलो डीएपी और एक बोरी यूरिया ही दिया जा रहा है,जो खेती के लिए बेहद अपर्याप्त है।किसानों ने कहा कि इतनी कम मात्रा में खाद मिलने से फसल उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।क्षेत्र के कई किसानों ने चिंता जताई कि यदि समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिला तो धान की खेती बुरी तरह प्रभावित होगी।

बैठक में उपस्थित किसानों ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसानों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं।खाद की किल्लत के कारण किसान परेशान होकर समितियों और दुकानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसानों की मांगों को लेकर उप संचालक कृषि विभाग के नाम आवेदन तैयार कर सुशासन तिहार में सौंपा जाएगा।साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्राम पोड़ स्थित धान संग्रहण केंद्र के पास किसानों द्वारा चक्का जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा,जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

किसानों की इस बैठक के बाद क्षेत्र में खाद संकट का मुद्दा अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है।आने वाले दिनों में प्रशासन इस मामले पर क्या कदम उठाता है,इस पर किसानों की निगाहें टिकी हुई हैं।

# सुशासन तिहार के अंतिम चरण में रामसागर वार्ड में लगा शिविर

## शिविर का आयोजन जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहा विशेष जोर

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार के अंतिम एवं निर्णायक चरण के अंतर्गत भाटापारा नगर के रामसागर वार्ड में एक विशेष जनसंपर्क शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएँ एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। शिविर में आमजन से आत्मीय एवं खुले वातावरण में संवाद स्थापित किया गया।

नागरिकों ने अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं – सड़क, जल आपूर्ति, स्वच्छता, जल निकासी तथा सार्वजनिक अधोसंरचना से संबंधित समस्याएँ खुलकर रखीं। प्रत्येक आवेदन एवं सुझाव को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाई गई । शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं – आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वरोजगार – की विस्तृत जानकारी नागरिकों को उपलब्ध कराई गई। पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी प्रक्रिया से पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया।



नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने का एक अत्यंत प्रभावी एवं सार्थक माध्यम है। जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई समझौता नहीं होगा। आज रामसागर वार्ड के नागरिकों ने जो समस्याएँ एवं सुझाव रखे हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। आमजन की सहभागिता और उनके सुझावों के आधार पर हम क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा यह दृढ़ संकल्प है कि शासन की प्रत्येक जनहितकारी योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक सरलता, समयबद्धता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ पहुँचे। जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पुंजी है और उस विश्वास को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी। इस अवसर पर सभापति गोविंद पटेल, कुंजराम कोशल, मनीष मिश्रा ,पार्षद बब्बू मंधान, सतीश साहू ,बंटी टंडन, नरेंद्र यदु, चंद्रशेखर चक्रधारी, राजेश साहू ,दशरथ साहू ,प्र व्यास यदु, राकेश मंधान ,नीरा साहू ,आयशा खान ,मधु सोनी एवं समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, वार्डवासी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

# हिंसक झड़प के खिलाफ सर्व हिंदू समाज ने किया प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन





## विकास समिति और सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता

**फिंगेश्वर।** थाना क्षेत्र राजिम के व फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम दुत्कईया गांव मे बीते एक फ़रवरी को दो गुटों मे हुई खूनी हिंसक झड़प को लेकर सियासत और जनआक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। सर्व हिंदू समाज और ग्राम विकास समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए एसआई जीवन साहू को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि युवाओं को जबरन हिरासत में लेकर उनके हाथों में लाठी-डंडे थमाकर फोटो खिंचवाए गए, वहीं कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराकर उन्हें केस का हिस्सा बनाया जा रहा है। हिन्दुओं के साथ ग़लत हो रहा इस हिन्दुस्तान में क्या सुशासन की सरकार को नज़र नही आ रहा हैं क्या ? प्रदर्शन में शामिल लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी है। कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र करने चेतावनी दिए हैं । मौके पर राजिम एसडीएम विशाल महाराणा को मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### अस्थि बाधित दिव्यांग लखमा तामो को समाज कल्याण विभाग ने तत्काल उपलब्ध कराई बैसाखी

**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस ग्राम पंचायत बड़े कमेली निवासी 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हितग्राही लखमा तामो को विभाग द्वारा नई बैसाखी उपलब्ध कराई गई। क्योंकि पूर्व में प्राप्त बैसाखी के टूट जाने के कारण उक्त दिव्यांग हितग्राही द्वारा कलेक्टोरेट पहुंचकर समाज कल्याण विभाग से नई बैसाखी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप संचालक समाज कल्याण श्री मूलचंद चोपड़ा ने पात्रता अनुसार तत्काल सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शाखा प्रभारी को निर्देशित किया। निर्देश मिलते ही विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लखमा तामो को एक जोड़ी नई बैसाखी प्रदान की गई। सहायक उपकरण प्राप्त होने पर हितग्राही ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि समय पर मिली सहायता से उन्हें दैनिक कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी। इस दौरान सीएमओ बचेली कृष्णा राव एवं विभागीय अधिकारी श्री संतोष टोप्पो उपस्थित रहे।

### जिला जेल दंतेवाड़ा परिसर एवं परिसर के आस-पास के क्षेत्र को 'नो फ्लाई जोन' घोषित

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय अधीक्षक जिला जेल जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला जेल दंतेवाड़ा के संपूर्ण परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से भारतीय सुरक्षा संहिता-2023 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं स्थानीय पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों से परामर्श उपरांत जिला जेल दंतेवाड़ा के सम्पूर्ण परिसर के चारों दिशाओं में 200 मीटर की दूरी तक के क्षेत्र को ''नो फ्लाई जोन''घोषित किया जाता है। क्योंकि बिना अनुमति ड्रोन का संचालन जेल परिसर क्षेत्र में सुरक्षा उल्लंघन एवं अवैध निगरानी को बढ़ावा दे सकता है। तद्नुसार - कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व लिखित अनुमति जिला दण्डाधिकारी अथवा सक्षम सुरक्षा प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त किए बिना इस क्षेत्र में किसी प्रकार के ड्रोन मानवरहित विमान का संचालन नहीं करेगा। अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनाधिकृत ड्रोन गतिविधि दण्डनीय अपराध मानी जाएगी एवं संबंधित कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

### सुशासन की चौपाल में किसानों को मिली राहत, कटेकल्याण शिविर में 70 से अधिक ग्रामीणों को मिला बी-1 दस्तावेज

**दंतेवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशानुसार आमजन को त्वरित एवं पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड कटेकल्याण में आयोजित शिविर में ग्रामीण किसानों को बड़ी राहत मिली, जहां लगभग 70 से अधिक किसानों को बी-1 दस्तावेज की प्रतियां तत्काल उपलब्ध कराई गईं।

# शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन जगदलपुर में शहीद स्व. महेंद्र कर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा राजीव भवन, जगदलपुर में शहीद स्वर्गीय महेंद्र कर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. महेंद्र कर्मा जी के छत्तीसगढ़ एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया ...इसके पश्चात झंकार चौक स्थित स्व. महेंद्र कर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई तत्पश्चात लालबाग स्थित शहीद मेमोरियल एवं दरभा घाट स्थित झीरम मेमोरियल पहुंचकर शहीद स्व.महेंद्र कर्मा जी,स्व.नंदकुमार पटेल जी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं एवं वीर शहीद जवानों की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस दौरान शहीदों के बलिदान को याद करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि उनका संघर्ष, समर्पण एवं समाज के प्रति योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।झीरम की घटना प्रदेश के इतिहास का एक अत्यंत दुखद अध्याय है, जिसने अनेक परिवारों और समाज को गहरा आघात पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय महेंद्र कर्मा जी ने आदिवासी समाज, क्षेत्रीय विकास और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया, वहीं स्वर्गीय नंदकुमार पटेल ने संगठन और जनसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। शहीद नेताओं का जीवन समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।उनके संघर्ष, समर्पण और जनहित के प्रति सोच को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।महेंद्र कर्मा जी ने आदिवासी समाज, क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को हमेशा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में जनसरोकारों को प्राथमिकता देते हुए लोगों की आवाज को मजबूती से आगे बढ़ाने का कार्य किया। बस्तर की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस घटना में प्रदेश ने अपने कई अनुभवी और जनप्रिय नेताओं को खोया था, जिनकी कमी आज भी महसूस की जाती है। साथ ही हमारे सुरक्षा बलों के जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके त्याग, संघर्ष और जनसेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मैं सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं व शहीद जवानों की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करता हूं..! पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा झीरम में शहीद हुए नेताओं एवं जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने शहीदों के योगदान और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। झीरम की घटना प्रदेश और देश के इतिहास की एक अत्यंत दुखद घटना रही है, जिसमें अनेक जननेताओं एवं सुरक्षा बलों के जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके त्याग, संघर्ष और जनसेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता।उन्होंने कहा कि शहीदों के आदर्श और उनके द्वारा समाज तथा लोकतंत्र के लिए किए गए कार्य हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।पूर्व महापौर जतिन जायसवाल ने झीरम घाटी में शहीद हुए स्व. महेंद्र कर्मा सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं एवं जवानों को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान लोकतंत्र, जनसेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

# प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला अस्पताल में बनेंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण, यूडीआईडी कार्ड निर्माण एवं नवीनीकरण का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। यह कार्य प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा के रूम नंबर 77, जेडीएस शाखा, मेडिकल बोर्ड, प्रथम तल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि ऐसे दिव्यांगजन जिनका अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है, या जिनके पास पुराने दिव्यांगता प्रमाण पत्र हैं और वे उसका नवीनीकरण कराना चाहते हैं, वे निर्धारित दिवस पर उपस्थित होकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

इस दौरान जिले के सभी दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके लिए दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण, नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पुराना दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो), आधार से लिंक मोबाइल नंबर जिसमें ओटीपी प्राप्त होता हो तथा दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला फोटोग्राफ साथ लाना अनिवार्य होगा। यदि आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है, तो संबंधित हितग्राही को पूर्व में आधार केंद्र जाकर मोबाइल नंबर अपडेट कराने की सलाह दी गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग दंतेवाड़ा के कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री मनोज मिश्रा के मोबाइल नंबर 8839222699 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अजनबी शहर में अपनों से बिछड़ने की खबर मिलते ही सांसद ने तुरंत संभाली कमान, साथियों के सहयोग से सुरक्षित निकाला

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** नई दिल्ली में आयोजित 'जनजाति समागम' के दौरान सुकमा जिले से आए बस्तर के तीन कार्यकर्ता बंधु अनजाने में अपने समूह से बिछड़ गए थे। जैसे ही इस संवेदनशील विषय की जानकारी बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महेश कश्यप को प्राप्त हुई, उन्होंने इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल त्वरित संज्ञान लिया।

सांसद श्री कश्यप ने बिना विलंब किए दिल्ली में मौजूद अपने सहयोगियों और साथियों की एक टीम को सक्रिय किया और सघन प्रयास कर कुछ ही घंटों के भीतर तीनों बस्तरिया भाइयों को सुरक्षित खोज निकाला। एक महानगर और अजनबी शहर में अपनों से बिछड़ जाने के कारण कार्यकर्ताओं के मन में उपजी घबराहट और मानसिक परेशानी को समझते हुए, सांसद श्री महेश कश्यप ने उन्हें तुरंत नई दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास पर लाने के निर्देश दिए। आवास पर तीनों बस्तरिया भाइयों के ठहरने,उत्तम विश्राम



और उच्च स्तरीय खान पान की संपूर्ण व्यवस्था सांसद कश्यप की देखरेख में सुनिश्चित की गई। वर्तमान में सुकमा के तीनों कार्यकर्ता भाई पूरी तरह सुरक्षित, स्वस्थ और निश्चिंत हैं। सांसद कश्यप के मार्गदर्शन में उन्हें पूरे सम्मान और सुरक्षा के साथ सकुशल वापस छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले उनके गृह ग्राम भेजने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां और यात्रा व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। सांसद महेश कश्यप ने कहा सार्वजनिक जीवन में पद और प्रतिष्ठा से कहीं अधिक बड़ा और दायित्व अपनों के सुख दुःख में उनके साथ मजबूती से खड़े रहना होता है।

# नगर पालिका कोण्डागांव में सुशासन तिहार का आयोजन

### विधायक ने विभिन्न योजनाओं अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री वितरित की

समवेत शिखर संवाददाता

**कोण्डागांव।** राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं मांगों के समाधान हेतु प्रदेशभर में सुशासन तिहार के अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को नगरीय क्षेत्र के चौपाटी मैदान स्थित विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक श्री पंकज चन्द्रा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल, उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेण्डी सहित सभी पार्षदगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री उसेण्डी ने कहा कि आम नागरिकों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आयोजित इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहते हैं, जिससे लोगों को भटकना न पड़े और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिल सके। उन्होंने श्रम पंजीयन से मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे बच्चों की शिक्षा, बेटियों के विवाह एवं जन्म पर सहायता राशि प्रदान की जाती है। साथ ही दुर्घटना की स्थिति में भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीरो बिजली बिल संकल्प का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत घरों की छतों पर सोलर प्लांट लगाने से उपभोक्ताओं को शून्य बिजली बिल के साथ अतिरिक्त बिजली उत्पादन पर उपभोक्ताओं को आय भी प्राप्त होती है। इन योजनाओं सहित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार संवाद और समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इन शिविरों के जरिए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि यह अभियान आमजनों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उनकी समस्याओं के निराकरण की दिशा में सराहनीय पहल है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने स्वागत भाषण देते हुए सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने, मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान तथा जनगणना से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी और नागरिकों से इन अभियानों में सक्रिय सहभागिता की अपील की। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। साथ ही निर्धारित अवधि से 18 माह पूर्व आवास निर्माण पूर्ण करने पर प्रत्येक हितग्राही को 32 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त राजस्व विभाग द्वारा 02 डिजिटल किसान किताब, 05 बी-1 खसरा एवं 07 जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 07 आयुष्मान कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 महिलाओं की गोदभराई, शिक्षा विभाग द्वारा 18 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री दीपेश अरोरा, श्री जितेन्द्र सुराना, श्री संतोष पात्र, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि पोया, सीएमओ श्री देवेश चंदेल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# अर्जेंटीना को विश्व कप से पहले बड़ा झटका! लियोनेल मेस्सी फिर चोटिल, बीच मैच में छोड़ा मैदान



**नई दिल्ली।** लियोनेल मेस्सी के विश्व कप से पहले चोटिल होने की आशंका बन गई है क्योंकि अर्जेंटीना के इस स्टार फुटबॉलर ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए मैच के बीच में मैदान छोड़ दिया था। इस तरह से मेस्सी समय से पहले अवकाश पर चले गए और अब मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को यह देखना होगा कि क्या उन्हें कोई चोट लगी है या नहीं। मेस्सी 73वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए। लुई सुआरेज़ के तीन गोल की मदद से इंटर मियामी ने इस मैच मेंफिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ 6-4 से जीत हासिल की। मेस्सी की किसी भी समस्या के बारे में तत्काल कोई पता नहीं चल पाया है।

इंटर मियामी के साथ अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान मेस्सी को कम से कम दो बार हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझना पड़ा है। मेस्सी ने मैदान छोड़ने से पहले कम से कम एक बार अपनी बायीं हैमस्ट्रिंग को स्पर्श किया और फिर जब उन्हें सब्स्टीट्यूट किया जा सकता था तो वह इंटर मियामी के बेंच की ओर भी नहीं गए। मेस्सी मैदान को टीम के लॉकर रूम से जोड़ने वाली सुरंग से होते हुए बाहर निकल गए। मेस्सी धीरे-धीरे चल रहे थे और उनके साथ टीम के मेडिकल स्टाफ का कोई भी सदस्य नहीं था। मैच के दूसरे हाफ की शुरुआत में ही तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे कुछ खिलाड़ी मैदान पर फिसलते हुए नजर आए। यह स्पष्ट नहीं था कि मेस्सी का मैदान से बाहर जाना एहतियाती कदम था या नहीं। ऐसा भी नहीं लगा कि बारिश के दौरान उन पर किसी तरह की चोट लगी हो। मेस्सी पहले भी कह चुके हैं कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे। अर्जेंटीना ग्रुप चरण का अपना पहला मैच 16 जून को खेलेगा। मेस्सी पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दो बार गोल्डन बॉल पुरस्कार जीत चुके हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स की जीत, केएल राहुल और कुलदीप चमके, केकेआर और पंजाब टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र के अपने अंतिम लीग मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 40 रन से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की जीत के नायक उप-कप्तान केएल राहुल (60 रन) और स्पिनर कुलदीप यादव (3 विकेट) रहे। हालांकि, इस मैच का नतीजा दोनों ही टीमों के लिए अब कोई मायने नहीं रखता था।

वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दिन के शुरूआती मैच में जब राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में चौथी और आखिरी टीम के तौर पर क्वालीफाई किया तो यह मुकाबला पहली पारी के चौथे ओवर में ही बेमानी हो गया था। इस नतीजे के साथ ही केकेआर और पंजाब किंग्स, दोनों ही टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। जब मैच में दांव पर लगाने के लिए कुछ खास नहीं था तो मैदान पर खिलाड़ियों में जोश की कमी साफ नजर आ रही थी। राहुल ने आक्रामक अंदाज में



बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंद में पांच चौके और चार छक्के जड़ित पारी खेली। यह इस सत्र में उनका छठा अर्धशतक है जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने पांच विकेट पर 203 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 रन, 39 गेंद, चार चौके, चार छक्के) के सत्र के दूसरे अर्धशतक के बावजूद केकेआर की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। केकेआर ने अंतिम सात विकेट 35 रन के अंदर गंवा दिए। कुलदीप के रहाणे को 14वें ओवर में आउट करने के बाद केकेआर के विकेट पतन का सिलसिला शुरू हुआ। कुलदीप ने रहाणे के बाद रिंकू यादव को आउट किया और हैट्रिक बनाने से चूक गए क्योंकि अभिषेक पोरेल ने तेजस्वी दहिया का कैच छोड़ दिया। लुंगी एनगिडी ने 3.4 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके। मिचेल स्टार्क (तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट) ने एक ही ओवर में दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। रहाणे के अलावा केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। रोवमैन पॉवेल ने रन आउट होने से पहले 29 रन बनाए। केकेआर ने 10 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 98 रन बना लिए थे। एनगिडी ने फिन एलन (20 रन) को पावरप्ले में आउट किया जबकि मनीष पांडे (25 रन) को नौंवे ओवर में स्टार्क के हाथों कैच आउट कराया।

### नेशनल ब्रदर्स डे : सोनी सब के हस्तिनापुर के वीर के युवा कौरव और पांडव बताते हैं कि कैसे उनका ऑन-स्क्रीन भाईचारा असल ज़िंदगी में गहरे बंधन में बदल गया

**मुंबई (ए)।** सोनी सब का आगामी पौराणिक शो हस्तिनापुर के वीर, जिसका प्रीमियर 2 जून रात 9 बजे होगा, दर्शकों को पांडवों और कौरवों की गाथा को उनके शुरुआती वर्षों से प्रदर्शित करेगा। यह शो उनके रिश्तों, प्रतिद्वंद्विता और उस भाईचारे की कहानी है, जिसने इतिहास को आकार दिया। नेशनल ब्रदर्स डे 24 मई के मौके पर यह भाईचारे की भावना स्क्रीन से बाहर भी नज़र आती है, जब शो के युवा कलाकार अपने ऑन-स्क्रीन भाईचारे को असल ज़िंदगी की दोस्ती में बदलते हुए सेलिब्रेट करते हैं। पांडवों का किरदार निभा रहे कलाकार (अथर खान युधिष्ठिर के रूप में, सुभाष भीम के रूप में, उर्वा सावल्या अर्जुन के रूप में, हरित गबानी नकुल के रूप में और मयंक यादव सहदेव के रूप में) और कौरवों का किरदार निभा रहे (आयुध भानुशाली दुर्योधन के रूप में और शौर्य उपाध्याय दुशासन के रूप में) बताते हैं कि कैसे स्क्रीन पर भाई बनने से उनकी ऑफ-स्क्रीन दोस्ती और भी ज्यादा मज़बूत हुई है। गहन सीन की रिहर्सल से लेकर सेट पर लंबे समय तक साथ समय बिताने तक, कलाकारों ने एक ऐसा रिश्ता बना लिया है, जो दोस्ती, मज़ेदार नोकझोंक, टीमवर्क और आपसी सहयोग से भरा हुआ है, बिल्कुल एक असली परिवार की तरह। चाहे सीन को परफेक्ट करने में एक-दूसरे की मदद करना हो, शूटिंग के बीच खाना शेयर करना हो या फिर शरारतों में शामिल होना, युवा कलाकारों का कहना है कि इस अनुभव ने उनके रिश्ते को हर दिन और मज़बूत बना दिया है।



### इक़बाल खान ने साझा किया कैसे कुत्तों के प्रति उनका प्यार उन्हें अपनी बेटियों से असल ज़िंदगी में जोड़ता है

**मुंबई।** सोनी सब का शो यादें अपनी दिल छू लेने वाली कहानी से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुका है। डॉ. देव मेहता (इक़बाल खान) की भावनाओं, रिश्तों और ज़िंदगी बदल देने वाले पलों की यात्रा को दिखाते हुए यह शो हर दिन दर्शकों को जोड़ता है। इस भावनात्मक ड्रामा के बीच अस्पताल में रोज़ाना अनोखे और अप्रत्याशित मेडिकल केस आते हैं, जो डॉक्टरों को उलझन में डाल देते हैं और उन्हें लगातार जवाब खोजने पर मजबूर करते हैं।हाल ही में शो में दर्शकों ने एक मज़ेदार और भावुक ट्रैक देखा, जहाँ ओटीपी नाम का एक कुत्ता डॉ. देव की बेटी जया (हारलीन रुपानी) के लिए सुकून और उपचार का अप्रत्याशित ज़रिया बन जाता है। मुश्किल समय में ओटीपी उसकी ज़िंदगी में गर्माहट और सकारात्मकता लेकर आता है। ऑफ-स्क्रीन भी ओटीपी जल्दी ही 'यादें' सेट का सबसे प्यारा साथी बन गया, जिसने अपनी चंचल ऊर्जा से माहौल को खुशनुमा कर दिया और हर किसी का मूड हल्का कर दिया। इक़बाल खान के लिए यह ट्रैक बेहद खास रहा, क्योंकि असल ज़िंदगी में वे बड़े डॉग लवर हैं। उनकी बेटियाँ भी कुत्तों से उतना ही प्यार करती हैं और पालतू जानवरों के प्रति यह साझा मोहब्बत हमेशा से उनके परिवार के लिए एक खास जुड़ाव का ज़रिया रही है। सेट पर ओटीपी के साथ वक्त बिताना इक़बाल को यह याद दिलाता रहा कि कुत्ते उनकी ज़िंदगी में कितनी खुशी और सुकून लेकर आते हैं।



# लॉगबुक से लेकर एआई-पावर्ड केयर तक सैमसंग ने भारत में कस्टमर सर्विस के 30 साल पूरे किए

**नई दिल्ली (ए)।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने भारत में अपनी कस्टमर सर्विस के 30 साल पूरे किए हैं। यह 1990 के दशक के बीच में दिल्ली में एक छोटे से सर्विस ऑपरेशन से देश के सबसे बड़े और सबसे डिजिटली-कनेक्टेड कस्टमर केयर इकोसिस्टम में से एक बनने तक का सफर तय करता है।



सैमसंग की कस्टमर सर्विस में बदलाव की कहानी भारत के अपने टेक्नोलॉजिकल बदलाव को काफी हद तक दिखाती है – हाथ से लिखे शिकायत रजिस्टर, पेजर और फिजिकल सर्विस विज़िट के ज़माने से लेकर ,द्व-पावर्ड डायग्नोस्टिक्स, कनेक्टेड अप्लायंसेज और प्रेडिक्टिव केयर इकोसिस्टम तक।

जब सैमसंग ने मार्च 1996 में भारत में अपना पहला सर्विस सेंटर खोला, तो देश बहुत अलग दिखता था। फ़ोन और इंटरनेट बहुत कम थे और कस्टमर रिक्वेस्ट भीड़-भाड़ वाले ऑफिस डेस्क पर रखे रजिस्टर में मैन्युअली रिकॉर्ड की जाती थीं।

सैमसंग इंडिया के सर्विस ऑपरेशंस के डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने कहा, उस समय, कस्टमर केयर असल में बहुत पर्सनल होता था। कस्टमर अक्सर सीधे सर्विस सेंटर जाते थे क्योंकि घरों में टेलीफोन आम नहीं थे। सर्विस रिक्वेस्ट को रजिस्टर में हाथ से डाला जाता था, और इंजीनियर लॉगबुक, पेपर स्लिप और टूलकिट लेकर शहरों में घूमते थे। दिसंबर 1996 तक, सैमसंग पूरे भारत में 21 सर्विस सेंटर तक फैल चुका था। 1997 में, इंजीनियरों ने कस्टमर अलर्ट पाने के लिए पेजर का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया – यह उस समय एक छोटी लेकिन ज़रूरी टेक्नोलॉजिकल छलांग थी। जैसे-जैसे भारत का कंज्यूमर टेक्नोलॉजी मार्केट तेज़ी से बढ़ा, सैमसंग ने अपने कस्टमर सपोर्ट इकोसिस्टम को बढ़ाना जारी रखा। 1990 के दशक के आखिर में देश भर में फ्रेंचाइजी सर्विस सेंटर बढ़े, जबकि 2003 में दिल्ली के नेहरू प्लेस में सैमसंग के पहले इन-हाउस कॉल सेंटर के लॉन्च और एक टोल-फ्री कस्टमर सपोर्ट नंबर की शुरुआत के साथ एक और बड़ा मील का पत्थर साबित हुआ। अगले दो दशकों में, सैमसंग ने कस्टमर सर्विस को एक रिएक्टिव सपोर्ट फंक्शन से एक इंटीग्रेटेड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन कस्टमर एक्सपीरियंस इकोसिस्टम में धीरे-धीरे बदल दिया।

# तनाएरा ने लांच किया 'इनाया' साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन

### लाइटवेट साड़ियों की रेंज, मात्र रु 3499 की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध

**मुंबई (ए)।** आज के दौर में जश्न का अंदाज़ अधिक निजी, अभिव्यक्तिपूर्ण और स्टाइल के प्रति सजग हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा लेकर आए हैं साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन, जिसे खासतौर पर आज के दौर की महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो हर मौके के लिए अनुकूल, सहज और खूबसूरत दिखना चाहती हैं। मात्र रु 3499 की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध इस कलेक्शन में किफ़ायती दाम पर फैशनेबल साड़ियां उपलब्ध हैं, जो अपने बेहतरीन डिज़ाइन एवं आकर्षण के साथ आपको अनूठा आत्मविश्वास देती हैं। लाईटवेट और फ्लोइ



फैब्रिक से बना इनाया कलेक्शन, आराम और खूबसूरती का अनूठा संयोजन है, जिसमें हर मौके के लिए अनुकूल साड़ियां हैं, इन्हें आप अपने किसी खास जश्न में, या जीवन के किसी खास मौके पर, शादियों से पहले के उत्सवों में या सामाजिक समारोहों में पहन सकती हैं। प्रकृति और ब्रह्मांड की अनंत गति से प्रेरित, जहाँ हर चीज़ निरंतर, भव्य तरीके से बदल रही है, यह कलेक्शन फूलों के चित्रों, विकसित होती आकृतियों और आकाशीय ज्यामितीय प्रभावों से जीवंत हो उठता है।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने लिमतरा में समाधान शिविर आयोजित किया गया

» 15 ग्राम पंचायत के पहुंचे ग्रामीणजन, 284 में से 135 आवेदनों का मौके पर हुआ त्वरित समाधान ,
» हितग्राहियों को किया गया विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज सक्ती विकासखंड की ग्राम पंचायत लिमतरा में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

क्लस्टर लिमतरा शिविर में 15 ग्राम पंचायत लिमतरा, जेठा, भद्रीपाली, नवापाराकलॉ, सपनाईपाली, अर्जुनी, केरीबंधा, पोरथा, हरेठी, सिघनसरा, परसदाकला, बोईरडीह, सोंठी, टेमर एवं परसदाखुर्द से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें कुल 284 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 135 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष 149 आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया तथा ग्रामीणों को शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर शासन की योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया।



जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के जरिए शासन की योजनाओं को हर गांव और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का बेहतर मंच बन रहा है, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही जगह उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं को शिविर में खुलकर रखें। श्रीमती सिदार ने कहा कि शासन आम नागरिकों के विकास और सुविधा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने महिलाओं से महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की अपील भी की।

शिविर में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में जिले के विभिन्न विभाग ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रखकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए भी पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। शिविर में पुलिस अधीक्षक ठाकुर ने नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने ऑनलाइन स्कैम, साइबर ठगी और अफवाहों से सतर्क रहने की भी सलाह दी।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनें तथा उनका प्रभावी समाधान करें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाए।शिविर में खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण, कृषि विभाग द्वारा नील हरित काई वितरण, स्व सहायता समूह को बैंक लिंकेज की राशि प्रदान की गई। शिक्षा विभाग द्वारा सहायक उपकरण वितरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं प्रतीकात्मक रूप से चाबी सौंपी गई। साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की विषयवार विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इसके अतिरिक्त आयुर्वेद विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुधन विकास विभाग, राजस्व विभाग, आबकारी विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य विभाग, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, श्रम विभाग, मत्स्य पालन विभाग, बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इस शिविर में अध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती श्रीमती नीतू राय, जनपद पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, जनपद पंचायत सदस्य बंशीधर खांडे, एसडीएम सक्ती सुश्री कावेरी मरकाम, जिला पंचायत सक्ती सीईओ निखिल कश्यप सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण, क्लस्टर के सरपंच, सचिव, स्व. सहायता समूहो के सक्रिय महिला सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया सक्ती में नवीन अजाक थाना का शुभारंभ



## डायल-112 के 8 नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी किया रवाना

## सक्ती में अजाक थाना उद्घाटन के साथ डायल-112 सेवा का विस्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर की उपस्थिति में 19 मई 2026 को नवीन अजाक थाना का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिले की आपातकालीन पुलिस सेवा को सशक्त करने हेतु डायल-112 के आठ नए वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नए अजाक थाना के प्रारंभ होने से आम नागरिकों को त्वरित न्याय एवं बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध होंगी। वहीं डायल-112 के नए वाहनों के संचालन से जिले में आपातकालीन स्थितियों में पुलिस की प्रतिक्रिया और अधिक तेज एवं प्रभावी होगी।

इस अवसर पर पत्रकार संघ सक्ती के अध्यक्ष तपेश शर्मा, योम प्रकाश लहरे एवं उदय मधुकर ने पुलिस अधीक्षक सहित नवपदस्थ अजाक थाना प्रभारी कृष्ण मोहले को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में पत्रकार संघ सक्ती के संरक्षक श्याम सुंदर अग्रवाल तथा उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजन पटेल भी उपस्थित रहे। उन्होंने जिले में पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने की इस पहल की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन को शुभकामनाएं दीं।

# राहुल गांधी के बयान पर भाजयुमो ने किया प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा युवा मोर्चा जिला सक्ती द्वारा नगर के अग्रसेन चौक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की तथा ÷राहुल गांधी मुर्दाबाद÷ के नारे लगाए।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण एवं अराजक मानसिकता का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में मर्यादा, औचित्य एवं सामाजिक सद्भाव का विशेष महत्व है, किंतु राहुल गांधी का हालिया बयान इन मूल्यों के विपरीत प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि यह बयान उनकी हताशा एवं संकुचित मानसिकता को स्पष्ट रूप से उजागर करता है।



भाजयुमो जिला महामंत्री ने कहा कि लगातार चुनावी पराजय के कारण कांग्रेस नेता की भाषा एवं व्यवहार में हताशा स्पष्ट रूप से झलक रही है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के उन्मूलन, देश की सीमाओं की सुरक्षा तथा तिरंगे की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाना राष्ट्रहित के कार्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है तथा देश की सुरक्षा को मजबूती मिली है। लंबे समय से सत्ता से दूर रहने की निराशा ने कांग्रेस पार्टी को लोकतांत्रिक मर्यादाओं से भटकाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा, आतंकवाद एवं नक्सलवाद जैसी चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना कर भारत को विश्व मंच पर सम्मानित एवं निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करने वाले लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेतृत्व के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां निंदनीय हैं तथा देशवासियों की भावनाओं को आहत करने वाली हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला, मंडल एवं युवा मोर्चा, जिला ओबीसी मोर्चा, महिला मोर्चा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष टीकेश्वर सिंह गबेल, जिला उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा राठौर, जिला महामंत्री दीपक अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद गबेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, भानुप्रिया जायसवाल, अमिता लहरे, सुषमा कसेर, रजनी टंडन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष प्रेम पटेल, आयुष शर्मा, भाजयुमो जिला महामंत्री विराट द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष पहलवान दास महंत, घनश्याम भारद्वाज,राजेंद्र राठौर, विजय जायसवाल, लाखन नामदेव, गजेन्द्र राठौर, नूतेश साहू, वेदप्रकाश देवांगन, विजय साहू, हर्ष देवांगन, भुवन सोनी, देवाशीष पटेल, आशीष साहू एवं कृष्ण जांगड़े सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत हाई रिस्क लोगों की एक्स-रे जांच जारी

## 10 शिविरों में 681 लोगों की हुई स्क्रीनिंग, 225 के एक्स-रे में मिले असामान्य संकेत

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा ÷निक्षय निरामय 100 दिवसीय अभियान÷ का संचालन किया जा रहा है। 24 मार्च से प्रारंभ इस अभियान के अंतर्गत विकासखंड मालखरौदा में उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की पहचान कर हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी रोग की स्क्रीनिंग की जा रही है।



स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक आयोजित 10 विशेष शिविरों में कुल 681 व्यक्तियों की एक्स-रे जांच की जा चुकी है। इनमें 225 लोगों के एक्स-रे में असामान्य निष्कर्ष पाए गए हैं, जबकि 456 लोगों की रिपोर्ट सामान्य आई है। असामान्य पाए गए व्यक्तियों की आगे बलगम जांच कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वे टीबी रोग से संक्रमित हैं या नहीं।

अभियान के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, डायबिटीज के मरीज, तंबाकू एवं अल्कोहल सेवन करने वाले व्यक्ति, कुपोषित लोग, पूर्व में टीबी से ग्रसित मरीज तथा वर्तमान में टीबी का उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों के परिवार के सदस्यों को उच्च जोखिम समूह में शामिल किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविरों में टीबी रोग के लक्षण, बचाव, समय पर जांच तथा निःशुल्क उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि रोग की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सके और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# मृत्यु को प्राप्त हुए परिजन के विषय में ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि उनके मुक्ति का उपाय अवश्य ही करना चाहिए : महंत

## चांपा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर चाम्पा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज मनोहर लाल सत्संग भवन, रानी रोड, चांपा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। आयोजक परिवार के द्वारा उनका अत्यंत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेश्री महन्त जी महाराज ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की, व्यास पीठ पर विराजित पंडित दिनेश दुबे जी महाराज ने भी शाल, श्रीफल, पुष्प माला से महन्त जी महाराज का स्वागत किया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि- देवांगन परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन अपने परिवार के दिवंगत दिव्यात्माओं के मोक्षार्थ किया गया है। यह चिरंतन सत्य है कि इस संसार में जन्म लेने वाले का मरना और करने वाले का पुनः जन्म लेना शाश्वत सत्य है, भगवान श्री कृष्ण चन्द्र जी ने श्रीमद् भागवत गीता में अर्जुन को माध्यम बनाकर हम सभी के लिए कहा है कि जातस्य ही ध्रुवो मृत्यु ध्रुवं जन्म मृतस्य च। उन्होंने आगे कहा कि मृत्यु को प्राप्त हुए परिजन के विषय में ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए बल्कि उनके मुक्ति का उपाय अवश्य ही करना चाहिए। ऐसा ही कार्य आप सभी के द्वारा किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। व्यास पीठ पर विराजित दुबे जी महाराज ने कहा कि- परम पूज्य राजेश्री महन्त जी महाराज न केवल छत्तीसगढ़ में अपितु भारत वर्ष में एकमात्र महात्मा है जिन्हें राजेश्री की उपाधि अपने पूर्वाचार्यों के वंश परंपरा में प्राप्त हुआ है इसका उपयोग केवल श्री दूधाधारी मठ के महन्त जी ही कर सकते हैं। हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि उनका दर्शन प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर विशेष रूप से मनोज मित्तल, शशि भूषण सोनी, अनिल सोनी, वृंदा लाल दुबे, अजय कुमार सोनी, डॉ रमाकांत सोनी, कृष्ण कुमार देवांगन, राजेंद्र जायसवाल, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, कार्यक्रम के आयोजक नंद कुमार देवांगन, श्रीमती संतोषी देवांगन एवं उनके परिवार के सभी सदस्य, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव तथा श्रोता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की हुई समीक्षा, 15 दिन के भीतर आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय- सीमा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिले में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीएसपी श्री राहुल बंसल, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री राम सिंह ठाकुर, नगर निगम आयुक्त श्री डी.एन. कश्यप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जनगणना अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वसंत ने संबंधित अधिकारियों को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएमएफ अंतर्गत निर्माण कार्यों की स्थिति, डीएमएफ कार्यों पर वसूली, अतिक्रमण पर कार्रवाई, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों, आश्रम-छात्रावासों के निरीक्षण, मुख्यमंत्री घोषणा, एस्ट्रोनॉमी लैब निर्माण, नए धान खरीदी केंद्रों के सहित अन्य विषयों के सम्बन्ध में प्रगति एवं दिए गए निर्देशों में आवश्यक कार्यवाही की जानकारी ली गई। बैठक में सीएम जनदर्शन, पीजी पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल आदि पर भी विस्तृत समीक्षा की गई।



सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि शिविर दिनांक के 15 दिवस के भीतर सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागवार निराकृत आवेदनों का अवलोकन किया तथा कहा कि आवेदनों का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो। सम्बंधित एसडीएम इसकी मॉनिटरिंग करें।

कलेक्टर श्री वसंत ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी जरूरी प्रक्रियाओं और अनुमतियों का पालन करने के बाद ही सम्बंधित क्षेत्र में माइनिंग कार्य शुरू किया जाए। आमजनों के अधिकार की रक्षा हो, सहमति सम्बन्धी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन हो। किसी प्रकार की शिकायत ना आए।

उर्वरकों की कालाबाजारी के सम्बन्ध में कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन की टीम खाद विक्रेताओं की दुकानों एवं गोदामों की लगातार जांच करें। किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक उपलब्ध कराया हो,अधिक मूल्य पर बेचने वालों पर तत्काल कार्रवाई करें। सूचना मिलने पर अविलंब जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने अपार आईडी में बच्चों की एंट्री के सम्बन्ध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली तथा शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने आधार कार्ड निर्माण की भी जानकारी ली तथा कहा कि जिन बच्चों का आधार कार्ड बन गया है, उनका अपार आईडी निर्माण की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र निर्माण में प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा नए सत्र की शुरुआत 16 जून तक बच्चों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर अजीत वसंत ने जनपद पंचायतवार विभिन्न पंचायत के स्वीकृत निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्तावित आरआरसी प्रकरणों की समीक्षा कर समय अवधि में लंबित वसूली कार्य पूर्ण करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास, जनमन के तहत स्वीकृत कार्य आंगनबाड़ी को समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मैनपाट, बतौली, लुण्ड्रा जनपद में पीएम आवास कार्य में कम प्रगति पाए जाने पर जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ एवं पहाड़ी कोरवा बसाहटों में 113 हैंड पंप, बोरवेल कराए जा रहे है मानसून के पूर्व तक सभी हैंडपंप कार्यशील करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, मनरेगा, आधार, स्वीकृतपेंशन प्रकरण की जानकारी ली एवं स्वीकृत पेंशन को स्वीकृत करने एवं शेष है उसे भी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**अम्बिकापुर।** जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिला स्तरीय समिति गठित किया गया है। जिसमें कलेक्टर सरगुजा अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा सदस्य सचिव होंगे। इसी प्रकार समिति के सदस्य आयुक्त नगर पालिक निगम अम्बिकापुर, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यापालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यापालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, जिला क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण सरंक्षण मंण्डल एवं उप संचालक पंचायत समिति के सदस्य होंगे।

# जल जीवन मिशन से बदली जशपुर के ग्राम बेंगटा की तस्वीर

## 61 परिवारों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल, महिलाओं और बच्चों को मिली बड़ी राहत

समवेत शिखर संवाददाता

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने का माध्यम बन रहा है। जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर जंगलों से घिरे ग्राम बेंगटा में इस योजना ने पेयजल संकट को दूर कर ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में 10 किलोलीटर क्षमता का उच्च स्तरीय जलागार स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम की दोनों बसाहटों के 61 परिवारों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।



जल जीवन मिशन के लागू होने से पहले ग्रामीणों को पेयजल के लिए नाला और कुओं पर निर्भर रहना पड़ता था। महिलाओं और बच्चों को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था। गर्मी के मौसम में जल संकट गहरा जाता था, वहीं बरसात में मटमैले और असुरक्षित पानी के कारण जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता था।

अब हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इससे महिलाओं और बच्चों के समय की बचत हो रही है तथा महिलाएं आजीविका गतिविधियों पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं। स्वच्छ पानी मिलने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है और जलजनित बीमारियों में कमी आई है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जशपुर द्वारा ग्राम बेंगटा को ÷हर घर जल÷ प्रमाणित किया जा चुका है। ग्रामीणों ने कहा कि जल जीवन मिशन ने गांव में न केवल पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की है, बल्कि जीवन को अधिक सुरक्षित, सरल और बेहतर बनाया है।